दैनिक
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, गुरुवार 12 नवम्बर 2020, कार्तिक कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-211 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार के बाशिंदों ने एनडीए की दीपावली मनवा दी और ठगबंधन का दिवाला निकाल दिया। चिराग पासवान की बगावत और सत्ता विरोधी लहर के बाद भी एनडीए ने बहुमत का जादुई आंकड़ा छू लिया। दिल्ली-डेयरडेविल्स का चार साल तक हिस्सा रहे लेकिन एक भी आईपीएल मैच न खेलने और साथी खिलाड़ियों को मैदान में पानी बोतल पहुंचाने वाले तेजस्वी यादव ने चुनावी पिच पर बतौर कप्तान बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन साथी खिलाड़ियों का अच्छा साथ न मिल पाने के कारण उनकी टीम मात्र 15 रन (सीट) से पराजीत हो गई। सबसे बड़िया बात यह रही कि ईवीएम की इज्जत बच गई।

राजधानी में थिएटर-मल्टीप्लेक्स अनलॉक, शर्तें लागू

■ क्षमता से आधे दर्शकों को ही प्रवेश की अनुमति, 6 फीट की दूरी जरूरी

■ पूर्व में जारी कोराना गाइड लाइन के अलावा अन्य नियम भी

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल के बीच अब राजधानी रायपुर में भी सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स को सशर्त खोलने के लिए अनुमति मिल गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध के आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिला कलेक्टर रायपुर द्वारा जारी किए गए आदेश में सिनेमाघर व मल्टीप्लैक्स खोलने के लिए कोरोना गाइड लाइन का पालन करने के अलावा अन्य कई शर्तें भी रखी गई हैं। आदेश के मुताबिक क्षमता से आधे दर्शकों को प्रवेश की अनुमति के साथ ही कोरोना संक्रमण से बचने पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चत किया गया है। जिला प्रशासन से जारी आदेशानुसार कंटेनमेंट जोन को छोड़कर शेष स्थानों पर सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स में व्यक्तियों के बैठने की संख्या की क्षमता के आधार पर अधिकतम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के बाद सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स के संचालकों को जहां भारी राहत मिली है, वहीं सिनेमा देखने के शौकिन लोगों के लिए भी यह बड़ी खुशखबरी है। आदेश में यह भी कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 सहपाठी एपिडेमिक डिजीज एक्ट 1897 यथा संशोधित 2020 में एवं भारतीय दंड संहिता 1807 की धारा 188 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

ये शर्तें भी

जिला प्रशासन के आदेश के मुताबिक एयर कंडीशनर चलाने की स्थिति में तापमान 24 से 30 डिग्री तक रखने, प्रवेश के पूर्व हाथ धोने, सेनेटाइजर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रवेश पर निकासी के समय फिर से सेनेटाइजर की उपलब्धता तय करने, प्रत्येक व्यक्ति को मास्क पहनने की अनिवार्यता, खांसते, छींकते समय मुंह ढंकने की बाध्यता जैसे सुरक्षात्मक उपाय अपनाते हुए सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स संचालन की अनुमति दी गई है।

सीएम का प्रदेश को दिवाली गिफ्ट 23 नई तहसीलों का किया आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की जनता को 23 नई तहसीलों का दिवाली गिफ्ट दिया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के 15 जिलों की 23 नवीन तहसीलों का शुभारंभ किया। इन 23 नवीन तहसीलों का गठन राज्य के 15 जिलों में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नई तहसीलों के बनने से जिलों में राजस्व प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, विकास कार्यों को गति मिलेगी और आम जनता को प्रशासनिक सुविधाएं बेहतर ढंग से मिल सकेंगी। इसके साथ ही किसानों और जनहितकारी योजनाओं के हितग्राहियों को बेहतर सेवा और जतन का लाभ भी मिलेगा। नवीन तहसीलों के शुभारंभ कार्यक्र में विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा जिले में 3-3, रायपुर, दुर्ग, कोरबा और बलरामपुर में 2-2 नई तहसीलें

■ धमतरी, राजनांदगांव, बालोद, मुंगेली, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर,

■ जशपुर और सुकमा जिले में एक-एक

■ मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. महंत भी रहे मौजूद

सभी नई तहसीलों के लोगों को दी बधाई

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी नई तहसीलों के निवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि इस बार दीवाली कोरोना कोविड-19 महामारी के साये में मनाई जा रही है। त्यौहारों की उमंग के साथ कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सावधानी और सुरक्षा उपायों का पालन जरूरी है।

जिलेवार नई तहसीलें

रायपुर- खरोरा, गोबरा नवापारा
धमतरी- भखारा
दुर्ग- बोरी और भिलाई-3
राजनांदगांव- गंडई
बालोद- अर्जुन्दा
बिलासपुर- सकरी, रतनपुर और बेलगहना
मुंगेली- लालपुर थाना
जांजगीर-चांपा -सारागांव, बम्हनीडीह और बाराद्वार
कोरबा- दर्री और हरदीबाजार
सरगुजा- दरिमा
बलरामपुर-रामानुजगंज - रामचन्द्रपुर और सामरी
कोरिया- केल्हारी
सूरजपुर- लटोरी
जशपुर - सन्ना
सुकमा - गादीरास

परंपरागत शिल्पियों से दीये व अन्य सामग्री खरीदने की अपील की

सीएम ने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों से परंपरागत रूप से कार्य करने वाले शिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये, मूर्तियों, पूजन सामग्री, गौठानों में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों और पकवानों का क्रय कर उन्हें प्रोत्साहन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

डॉ. महंत बोले- आज खुशी का दिन

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज बहुत खुशी का दिन है, जब एक साथ 23 नई तहसीलों का शुभारंभ हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि नई तहसीलों के शुभारंभ के साथ-साथ इनके कार्यालय भवन और वाहन के लिए भी मुख्यमंत्री जी ने स्वीकृति प्रदान की है। लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इधर, किसानों को भी राहत, अब 17 नवंबर तक करा सकेंगे पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत प्रदान की है। धान खरीदी के लिए किसान अब इस माह की 17 तारीख तक पंजीयन करा सकेंगे। पहले यह तारीख 10 नवंबर थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों की सुविधाओं को देखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीदी के लिए निर्धारित किसानों की पंजीयन अवधि को बढ़कर 17 नवंबर 2020 तक कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया है। सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य के सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों और पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक अपैक्स बैंक नया रायपुर को आदेश की कॉपी भेज कर 17 नवम्बर तक किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में किसान पंजीयन की अंतिम तिंथि 10 नवम्बर 2020 तक निर्धारित की गई थी।

खास- खबर

इफको ने की उर्वरक मूल्य में 50 रुपए प्रति बोरी की कमी

नई दिल्ली/ (वार्ता) इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) ने बुधवार को एनपी उर्वरक मूल्य में 50 रुपए प्रति बोरी कमी करने की घोषणा की। इफको के प्रबन्ध निदेशक उदय शंकर अवस्थी ने ट्वीट कर उर्वरक मूल्य में कमी करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनपी उर्वरक के मूल्य में तुरंत प्रभाव से कमी की गई है। इससे पहले एनपी का मूल्य 975 रुपए प्रति बोरी था जो अब घटकर 925 रुपए प्रति बोरी हो गया है। एनपी उर्वरक में सल्फर की प्रचुर मात्रा होती है जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है तथा यह दलहनी और तिलहन फसलों के लिए लाभकारी है। इससे तेल की गुणवत्ता बढ़ती है और इससे पौधों का विकास तेजी से होता है।

नागालैंड में पटाखे फोड़ने व इनकी बिक्री पर पाबंदी

कोहिमा/ (वार्ता)। नागालैंड सरकार ने पटाखे फोड़ने से इसके धुंए से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने के मद्देनजर राज्य में 31 जनवरी 2021 तक इनकी बिक्री और फोडने पर पाबंदी लगा दी है। राज्य सरकार की यह पाबंदी 10 नवंबर से 31 जनवरी 2021 तक लागू रहेगी। राज्य के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो आपदा प्रबंधन कानून 2005 की धारा 22 (2) (एच) के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 43593.67
निफ्टी-12749.15
गोल्ड- 49972 (10 ग्रा.)
सिल्वर-61344 (1 कि ग्रा.)

विनिर्माण उद्योग को 2 लाख करोड़ का प्रोत्साहन पैकेज

■ केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला, पांच साल के लिए है राशि

नई दिल्ली/(वार्ता)। सरकार ने उत्पादन , रोजगार और निर्यात बढ़ाने के लिए अगले पांच साल के दौरान विनिर्माण उद्योग को दो लाख करोड़ रुपए का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन पैकेज देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर तथा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विनिर्माण उद्योग को दो लाख करोड रुपए का प्रोत्साहन देने के निर्णय से देश में रोजगार बढ़ेगा , उत्पादन में इजाफा होगा और निर्यात में वृद्धि होगी।

10 क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा कि विनिर्माण उद्योग के दस क्षेत्रों को इस प्रोत्साहन पैकेज का लाभ मिलेगा। इनमें दूरसंचार, मोबाइल फोन उद्योग, विशिष्ट इस्पात, फार्मा , कपड़ा उद्योग , वाहन उद्योग, नवीनीकरण ऊर्जा उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग शामिल है।

जानें किस क्षेत्र के लिए कितनी राशि

उन्होंने बताया कि एडवांस केमिस्ट्री सेल को 18100 करोड़ों रुपए, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद 5000 करोड़ रुपए, वाहन उद्योग को 57 हजार 42 करोड़ रुपये , फार्मा औषधि को 15000 करोड़ रुपए , दूरसंचार और नेटवर्किंग को 12195 करोड रूपये, कपड़ा उद्योग को 10 हजार 683 करोड रुपए, खाद्य उत्पाद को 10400 करोड रुपए, उच्च क्षमता सौर उत्पाद को 4500 करोड रुपए, एसी और एलईडी उत्पाद को 6238 करोड रुपए और विशिष्ट इस्पात उत्पादन को 6322 करोड रुपए मिलेंगे. इसके अलावा मोबाइल और अन्य उपकरण उत्पाद को 4251 करोड़ रुपए, औषधि तत्व को 6940 करोड रुपए और चिकित्सा उपकरण उत्पाद को 3720 करोड रुपए दिए जाएंगे।

वायरस को मात देने वालों की बढ़ती संख्या से देश में एक्टिव केस अब पांच लाख से नीचे

सितंबर की तुलना में नवंबर में आधे हुए कोरोना के सक्रिय मामले

नई दिल्ली/ (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) को मात देने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि से सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं और अब इन की संख्या पांच लाख से नीचे आ गयी है, जो गत सितंबर में 10 लाख से अधिक थी। देश के अधिकतर राज्यों में जहां कोरोना संक्रम के मामले लगातार कम हो रहे हैं, वहीं दिल्ली और में केरल में इनकी वृद्धि चिंता का विषय बनी हुई है। दिल्ली में मंगलवार को रिकॉर्ड 7,830 तथा केरल में 6,010 मामले सामने आये। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार मंगलवार को देशभर में 50,226 लोग स्वस्थ हुए, जिससे इस महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या करीब 80.14 लाख हो गयी। इस दौरान सक्रिय मामले 6,557 घटकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सक्रिय मामलों की दर अब 5.73 फीसदी

देश में स्वस्थ होने वालों की दर 92.79, मृत्यु दर 1.48 तथा सक्रिय मामलों की दर 5.73 फीसदी रह गयी है। पिछले 24 घंटों (बुधवार सुबह तक)के दौरान महाराष्ट्र में संक्रमण के नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक रही, जिससे सक्रिय मामले 3,037 घटकर 93,400 रह गये। वहीं 110 मरीजों की मौत होने से राज्य में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 45,435 हो गया है। राज्य में अब तक 15.88 लाख लाख लोगों ने कोरोना को मात दी है।

ओडिशा में एक ही परिवार के छह लोगों की हत्या

भुवनेश्वर/ए.। ओडिशा के बोलंगीर जिले में बुधवार सुबह एक ही परिवार के छह सदस्य मृत पाए गए। इनमें चार बच्चे भी शामिल हैं और ये शहद बेचने का काम करते थे। पुलिस को आशंका है कि सभी लोगों की हत्या की गई है। इसके पीछे की वजह यह है कि पुलिस को घटनास्थल से कुल्हाड़ी भी मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बोलंगीर के पाटनगढ़ ब्लॉक के सांवरापा गांव में बुलू जानी (50), उनकी पत्नी ज्योति (48), दो बेटियां सरिता और श्रेया और दो बेटे भीष्म और संजीव के शव कंबल में लपेटे हुए पाए गए। जानी पिछले 10 सालों से इलाके में शहद बेचा करता था।

बुधवार की सुबह जानी के पड़ोसियों ने घर का दरवाजा बंद देखा। जैसे ही किसी ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला, पड़ोसियों ने खिड़की से झांककर देखा तो छह शव जमीन पर पड़े थे। बोलंगीर के एसपी मडकर संदीप संपद ने कहा, 'कुछ पड़ोसियों ने देखा था कि जानी का परिवार आपस में झगड़ रहा था। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि अभी क्या हुआ है, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी हत्या एक धारदार हथियार से की गई है।

आतंक के बजाय अब भरोसा पैदा हुआ है आयकरदाताओं में : मोदी

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार आयकर क्षेत्र में सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है जिससे आयकरदताओं में कर के आतंक के बजाय पारदर्शिता के बल पर भरोसा पैदा हुआ है। मोदी ने बुधवार को ओडिशा के कटक में आयकर अपीली न्याधिकरण की कटक पीठ के कार्यालय सह आवासीय परिसर का वीडियो कांफ्रेंस से उद्घाटन करते हुए कहा गुलामी के लंबे कालखंड ने करदाता और कर वसूलने वाले दोनों के रिश्तों को शोषित और शोषक के रूप में ही विकसित किया। दुर्भाग्य से आजादी के बाद हमारी जो टैक्स व्यवस्था रही उसमें इस छवि को बदलने के लिए जो प्रयास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज देश टैक्स ट्रांसपेरेंसी की ओर

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के समय शिकायतें होती थीं 'टेक्स टेररिज्म' की। आज देश उसे पीछे छोड़कर 'टेक्स ट्रांसपेरेंसी' की तरफ बढ़ रहा है। यह बदलाव इसलिए आया है क्योंकि हम सुधार, प्रदर्शन और बदलाव की अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आयकरदाताओं में सरकार के बढते विश्वास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब सरकार की सोच ये है कि जो इनकम टैक्स रिटर्न फाइल हो रहा है, उस पर पहले पूरी तरह विश्वास करो। इसी का नतीजा है कि आज देश में जो रिटर्न फाइल होते हैं, उनमें से 99.75 प्रतिशत बिना किसी आपति के स्वीकार कर लिए जाते हैं। ये बहुत बड़ा बदलाव है जो देश के टैक्स सिस्टम में आया है।

राजनीति | राजद नेता तेजस्वी को समर्थन कर देश की राजनीति में आने की अपील की, पुराने दिनों का जिक्र भी किया

दिग्विजय की नीतीश को सलाह- संघ, भाजपा अमरबेल जैसे, इन्हें छोड़ दें

नई दिल्ली/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए ने सत्ता बरकरार रखी है। हालांकि, इस चुनाव में नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड की सीटों में काफी कमी आई है। जबकि भाजपा सर्वाधिक सीटों के साथ बड़े भाई की भूमिका में आ गई है। भाजपा (एनडीए) में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भाजपा में अब अपने सीएम की भी मांग उठने लगी है। इस सबके बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नीतीश कुमार से संघ और भाजपा छोड़ने की अपील की है। यहीं नहीं उन्होंने नीतीश कुमार को राजद नेता तेजस्वी यादव को समर्थन कर देश की राजनीति में आने की अपील भी की है। बिहार चुनाव के नतीजे साफ हो जाने के बाद उन्होंने नीतीश को सलाह देते हुए कई ट्वीट किए।

ये कहा दिग्विजय सिंह ने ट्वीट में

जिस पेड़ पर लिपट जाती है अमरबेल वह सूख जाता है

दिग्विजय सिंह ने कहा- भाजपा/संघ अमरबेल के समान हैं, जिस पेड़ पर लिपट जाती है वह पेड़ सूख जाता है और वह पनप जाती है। नितीश जी, लालू जी ने आपके साथ संघर्ष किया है आंदोलनों मे जेल गए है भाजपा/संघ की विचारधारा को छोड़ कर तेजस्वी को आशीर्वाद दे दीजिए। इस अमरबेल रूपी भाजपा/संघ को बिहार में मत पनपाओ।

नीतीश जी, बिहार आपके लिए छोटा हो गया है

दिग्विजय ने आगे कहा- नितीश जी, बिहार आपके लिए छोटा हो गया है, आप भारत की राजनीति में आ जाएँ। सभी समाजवादी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों को एकमत करने में मदद करते हुए संघ की अंग्रेजों के द्वारा पनपाई 'फूट डालो और राज करो' की नीति ना पनपने दें। विचार जरूर करें। यही महात्मा गांधी जी व जयप्रकाश नारायण जी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनडीए को मिली हैं 125 सीट बहुमत से 3 ज्यादा

पटना/(वार्ता) *बिहार की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की झोली में विधानसभा की 125 सीट डालकर एक बार फिर उन्हें सत्ता की बागडोर सौंप दी है। जबकि तेजस्वी यादव की अगुवाई वाले महागठबंधन को 110 सीट से ही संतोष करना पड़ा। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, मतगणना की समाप्ति के बाद राजग के घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 74 जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को 43 हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) सेक्यूलर और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को चार-चार सीटें मिली हैं। इस तरह 243 सदस्यीय विधानसभा में सरकार बनाने के लिए जरूरी 'जादुई आंकड़ा' 122 को पार करते हुए राजग ने 125 सीटें हासिल कर ली है।*

अर्णब को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली/ए.। एक इंटीरियर डिजाइनर और उनकी मां की आत्महत्या के मामले में उकसाने के आरोपी रिपब्लिक टीवी के चीफ एडिटर अर्णब गोस्वामी को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी। गोस्वामी और दो अन्य आरोपियों नीतीश सारदा और प्रवीण राजेश सिंह को 50-50 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड पर जमानत मिली है। इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट से अर्णब को राहत नहीं मिली थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि इस तरह से किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत आजादी पर बंदिश लगाया जाना न्याय का मखौल होगा। जस्टिस धनंजय वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस इन्दिरा बनर्जी की बेंच ने कहा कि अगर राज्य सरकारें लोगों को निशाना बनाती हैं तो उन्हें इस बात का अहसास होना चाहिए कि नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट है।

बिलासपुर को नदी नालों के पुर्नरूद्धार के लिए मिला 'नेशनल वॉटर अवार्ड'

■ संभागायुक्त एवं कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिया गया पुरस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से वर्ष 2019 के लिए रिवाईवल ऑफरीवर कैटेगरी में बिलासपुर जिले को देश के सर्वश्रेष्ठ जिलों में प्रथम स्थान मिला है। यह अवार्ड उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू की उपस्थिति में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान में बिलासपुर के संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग एवं कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर को वर्चुअली दिया गया। यह पुरस्कार वर्ष 2019 के लिए दिया गया है।

संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने जल अभियान को जन जागरण में तब्दील किया एवं उनके प्रयासों से प्रेरित होकर अरपा उत्थान के लिए 10 हजार से अधिक लोग सामने आये। डॉ. अलंग ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बिलासपुर के सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ज्ञात हो कि विगत दो वर्षों में बिलासपुर जिले में जल संसाधन विभाग ने जिले के विभिन्न नदियों एवं नालों में 47 स्ट्रक्चर्स का निर्माण किया एवं 17.508 मिलियन घन मीटर जल भराव क्षमता का सृजन किया गया तथा 152 किलोमीटर लम्बाई तक नदियों एवं नालों में जलभराव सुनिश्चित किया गया। जिले में 49 लघु जलाशय योजनायें निर्माणाधीन हैं जिनसे 48.53 मिलियन घन मीटर जल भराव क्षमता सृजित होगी। इससे 181 किलोमीटर लम्बी नदी एवं नालों में जल भराव होगा।

बड़ी कार्रवाई, नहीं थम रहा अवैध शराब का सिलसिला, पुलिस ने कोचियों के ठिकानों पर दी दबिश

बिलासपुर । कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर के निर्देश और आबकारी उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिला आबकारी टीम ने कोचियों के खिलाफ फिर बड़ी छापामार कार्रवाई की है। गनियारी और मस्तूरी क्षेत्र में अलग अलग छापामार कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम को भारी मात्रा में मदिरा और लहान जब्त करने में सफलता मिली है।

आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि तखतपुर और मस्तूरी वृत के अलग अलग ठिकानों में छापामार कार्रवाई से भारी मात्रा में अवैध शराब और लहान जब्त किया गय है। कार्रवाई में कुल 320 लीटर महुआ शराब और 5780 किलो लहान बरामद हुआ है। बरामद मदिरा की कीमत 6400 रूपए से अधिक है। छापामार कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त आबकारी टीपी भूसाखरे का विशेष अगुवाई रही। कार्रवाई के दौरान कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

कार्रवाई के दौरान तखतपुर वृत के गनियारी में पांच आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज हुआ है। गनियारी स्थित सामुदायिक भवन में कार्रवाई के दौरान कुल 200 लीटर शराब और 2500 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है। दो लोगों के खिलाफ 34(2)(क)(च), 34(2) और 59(क) का अपराध दर्ज हुआ है। इसके अलावा गनियारी गांव में ही छापामारी में ढेलऊराम से 11 लीटर, केजा भाई से 10 लीटर, और साधना बाई के पास से 12 लीटर मदिरा बरामद हुआ है। सभी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है

आबकारी उपायुक्त ने जानकारी दी कि मस्तूरी वृत के बेल्हा में भी कार्रवाई हुई है। इस दौरान टीम को 120 लीटर शराब और 3280 किलो लहान बरामद करने में सफलता मिली है। बेल्हा में एक प्रकरण 34(1)(क), 34(2) और 59(क) का दर्ज हुआ है।

काँकेर गौठान के गोबर के बने दिए से जगमग होगा छत्तीसगढ़ का राजभवन

■ राज्यपाल को गोबर से बने दिए सौंपा गया

■ राज्यपाल ने महिला समूहों के कार्य की ज़मकर की प्रशंसा

छत्तीसगढ़ राजभवन महिला समूह के बनाए गोबर के दिए से होगा रोशन

काँकेर जिला पंचायत सीईओ डॉ संजय कन्नौजे जनपद पंचायत सीईओ यू के पामभोई के अथक प्रयास का ही नतीजा है।कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से ग्रामीण महिला को शसक्त करने बिहान योजना से जोड़कर महिला समूहों को आय का जरिया बना हुआ है।इन्ही महिला समूहों के द्वारा बनाए आकर्षक रंग बिरंगे कलर युक्त गोबर के दिए छत्तीसगढ़ राज्य की राज्यपाल को भेंट स्वरूप दिया गया है।कांकेर जिले में बनी गोबर के दिए से राजभवन में दीपावली के दिए से जगमग होगा ।

काँकेर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के अंतर्गत बिहान योजना से जुडकर ग्रामीण इलाकों के महिला आत्मनिर्भर होकर आमदनी कर रही है।बिहान योजना से जुड़कर स्वसहायता समुह की महिलाओ द्वारा गोबर के दिए बनाकर जिला पंचायत सीईओ डॉ सजंय कन्नौजे व जनपद सीईओ यू के पामभोई के मार्गनिर्देशन में बिहान समूहों से जुड़ी गायत्री स्वसहायता समुह गडपिछवाडी समूह ने 8500 गोबर के दिए बनाए तथा रानी दुर्गावती समुह कोकानपुर के द्वारा 5300 गोबर के आकर्षक दिए बनाए गए।जिसे बाज़ार में विक्रय किए जाने से 21 हजार रुपये की आमदनी महिला समूह को प्राप्त हुआ । इसी तारतम्य को ध्यान रखते जिला पंचायत सीईओ डॉ संजय कन्नौजे व जनपद सीईओ यू के पामभोई के कुशल मार्गदर्शन में बिहान समूह गायत्री स्व सहायता समूह गढ़पिछवाडी एवं रानी दुर्गावती समूह को कोकानपुर के महिला समूहों को बढ़ावा दिए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल महामहिम सुश्री अनुसुईया उइके छत्तीसगढ़ शासन को महिला समूह के द्वारा बनाए आकर्षक गोबर के दिए सौजन्य भेंट किया गया ।माननीय राज्यपाल महोदया ने बिहान महिला समूह के द्वारा बनाए गए गोबर के दिए देखकर बेहद उत्साहित होकर बिहान योजना और महिला स्वसहायता समूह के कार्यों की सराहना करते महिला समूह को शुभकामनाएं दी गई । राज्यपाल महोदया ने जिला पंचायत जनपद पंचायत सीईओ सहित बिहान के जिला एवं डीएम ब्लॉक के पीएमआई एसीपी के कार्यों की ज़मकर सराहना किया गया है।

समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु अब 17 तक होगा कृषक पंजीयन

बीजापुर - नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के तहत् समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के लिए अब 17 नवम्बर 2020 तक किसानों का पंजीयन किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर कृषक पंजीयन की तिथि में वृद्धि किया गया है। पूर्व में 10 नवम्बर तक किसान पंजीयन किया जाना था, जिसे बढ़ाकर 17 नवम्बर 2020 तक किसान पंजीयन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को धान एवं मक्का विक्रय करने वाले कृषकों का पंजीयन निर्धारित तिथि 17 नवम्बर 2020 तक सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

शीतलहर से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

■ नि:सहाय-निर्धन लोगों सहित वृद्धजनों के बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध करने के निर्देश

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी कर जन-साधारण से शीतलहर की स्थिति उत्पन्न होने पर बचाव के लिए सजगता बरतने की अपील की गयी है। वहीं शीतलहर की स्थिति में निःसहाय, निर्धन, आवासहीन लोगों सहित वृद्धजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराये जाने के निर्देश सर्व-सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

राज्य शासन द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए आम जनता से आग्रह किया गया है कि शीतलहर के दौरान यथासंभव घर पर रहें और अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर जायें। मौसम सम्बन्धी समाचार तथा आपातकाल की सूचना को ध्यान से सुनें। वृद्धजनों तथा बच्चों का ध्यान रखें तथा उन्हें अकेला न छोडें। बिजली आपूर्ति आपातकाल में भी चालू रखें। ऐसे आवास का उपयोग करें जिसमें तापमान सही रहता है। इस दौरान आवश्यकता के अनुरुप गर्म पेय का सेवन करें। बिजली का प्रवाह अवरुद्ध होने पर रेफ्रिजरेटर में खाने के सामान को 48 घंटे से अधिक न रखें। शीतलहर से बचाव के लिए टोपी या मफ्लर का उपयोग करें।

सभ्रांत वर्ग के लोग गौ सेवा में आगे आ रहे हैं यह स्वागत योग्य है- राजेश्री

■ जब डेयरी से भी गोबर खरीदा जा रहा है तब आप लोग वंचित क्यों हैं

जांजगीर। राज्य सरकार का मूल उद्देश्य गौ माता को संरक्षित और संवर्धित करना है इसलिए गोधन न्याय योजना और गौठान योजना के जैसे क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं जिसकी सराहना न केवल छत्तीसगढ़ राज्य में अपितु पूरे देश में हो रही है यह बातें श्री दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग ने बालोद जिला के प्रवास के दौरान अभिव्यक्त की विदित हो कि राजेश्री महन्त जी महाराज 10 नवंबर सन 2020 को छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिले के प्रवास पर थे इसके तहत उन्होंने श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा (गुरुर),श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केंद्र बालोद एवं श्री गोपाल गौरक्षा सेवा सदन अवरीनाला डौंडी, जिला बालोद का विधिवत निरीक्षण किया इस दौरान वे धमतरी तथा बालोद के विश्राम गृह में भी कुछ समय के लिए रुके यहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विशिष्टजनों अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की तथा चर्चाएं की तथा बालोद में संचालित दूधगंगा संस्थान का भी अवलोकन किया, उन्होंने गौशाला संचालन समिति के सदस्यों एवं उपस्थित विशिष्ट जनों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ सेवा के क्षेत्र में समाज के सभ्रांत वर्ग आगे आ रहे हैं यह एक प्रशंसनीय पहल है। यहां संचालित श्री महावीर गौशाला एवं शोध संस्थान में आकर मुझे काफी प्रसन्नता हुई कि संचालन समिति में कोई सी ए,कोई एडवोकेट, कोई शिक्षक है यदि समाज के उत्कृष्ट लोग गौ पालन और गौ सेवा के कार्य को संचालित करने में समाज का सहयोग करते हैं तो इससे हम गौ संवर्धन और संरक्षण के क्षेत्र में सफ्लतापूर्वक आगे बढ़ेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

पत्र क्रमांक 1447/रा.वि./भव.नाम./न.पा.नि./2020 — रायगढ़ दिनांक 09.11.2020

-: भवन नामांतरण हेतु दावा-आपत्ती सूचना पत्र :-

आम जनता को सूचित किया जाता है की निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निगम अभिलेख में अपने नाम से भवन/भूमि को दर्ज करने अथवा स्वामित्व हक का अंतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, इस सबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ती हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रभावी दस्तावेजों सहित इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिनों के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, पश्चात के आवेदन या आपत्ती पर विचार नही किया जाएगा।

स. क्र.	वार्ड क्र.	मकान क्र.	मोहल्ला	वर्तमान में जिस व्यक्ति के नाम से भवन/भूमि दर्ज है हस्तांतरणकर्ता का नाम एवं पिता/ पति का नाम	नामांतरण जिस व्यक्ति के नाम से किया जाना है हस्तांतरिती /आवेदक का नाम	नामांतरण/ हक अंतरण करने का आधार
1	30	286	जिला जेल के सामने बाजीराव पारा सारंगढ़ रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री मलिक सिंह पिता श्री अर्जुन सिंह, जिला जेल के सामने, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री ओंकार सिंह पिता स्व. श्री मलिक सिंह, जिला जेल के सामने, सारंगढ़ रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	नजूल आदेश एवं मृत्यु प्रमाणपत्र
2	39	215	रेल्वे बंगला पारा, विजय महंत घर के पास, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री विजय दास महंत पिता स्व. श्री ररूहा दास महंत, रेल्वे बंगला पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री राजेश कुमार सिन्हा पिता स्व. श्री विनय कुमार सिन्हा, वार्ड न. 39, रेल्वे बंगला पारा, विजय महंत घर के पास, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री फार्म बी
3	3	1st flore shop no. 113	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, 40/424, एस.बी.आई.बैंक के पास, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री भारत गोयल पिता श्री रामशरण गोयल, विमला विला, गली नं. 01, विकास नगर, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
4	3	1st flore shop no. 114	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, 40/424, एस.बी.आई. बैंक के पास, कोतरा रोड़, रायगढ़(छ.ग.)	श्री भारत गोयल पिता श्री रामशरण गोयल, विमला विला, गली नं. 01, विकास नगर, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
5	3	G.F. shop no. 15,	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती अंजु अग्रवाल पति श्री मुकेश अग्रवाल, म.नं. सी-55, वृन्दावन कॉलोनी भगवानपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
6	3	G.F. shop no. 14	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती अंजु अग्रवाल पति श्री मुकेश अग्रवाल, म.नं. सी-55, वृन्दावन कॉलोनी भगवानपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
7	3	G.F. shop no. 13	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती अंजु अग्रवाल पति श्री मुकेश अग्रवाल, म.नं. सी-55, वृन्दावन कॉलोनी भगवानपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
8	3	G.F. shop no. 16	ईलामॉल, रायगढ़ (छ.ग.)	ईला निर्माण प्रा. लि., रायगढ़ डायरेक्टर श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री गुलाबचंद अग्रवाल, कोतरा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती अंजु अग्रवाल पति श्री मुकेश अग्रवाल, म.नं. सी-55, वृन्दावन कॉलोनी भगवानपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
9	1		दरोगामुड़ा, रायगढ़ (छ.ग.)	1. श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल पति श्री रोशन लाल अग्रवाल, 2. श्री अतुल कुमार मित्तल पिता श्री गोपीराम मित्तल, गणेश मंदिर के पास बीड़पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री मिथलेश कुमार पटेल पिता श्री देवराज पटेल, दरोगामुड़ा, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
10	3	256/2		1. श्रीमती सनयारो उरांव पति स्व. श्री समारू 2. श्री शंकर उरांव पिता स्व. श्री समारू 3. श्री धनीराम उरांव पिता स्व. श्री समारू 4. श्री सीताराम उरांव पिता स्व. श्री समारू, म.न. 160, मंगलूडीपा भगवानपुर वार्ड नं. 45 गोरखा, रायगढ़ (छ.ग.)	1. मंजू एक्का पिता श्री जोसेफ एक्का, 2. रमिला केरकेट्टा पिता श्री कार्तिक केरकेट्टा, 124 असिसी भवन शांतिनगर हुजूर कुराना भोपाल (म.प्र.) संत माईकल चर्च रामभांठा, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री फार्म बी 1
11	48	C-23 1066	साईं वाटिका सी.-23 बोईरदादर रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	आशियाना इस्टेट्स रायगढ़ की ओर से भागीदार श्री अनिल गोयल पिता स्व. श्री नत्थूलाल गोयल, गांधीगंज, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री असीम कुमार रंगारे पिता श्री चन्द्रशेखर रंगारे, साईं वाटिका सी.-23 बोईरदादर रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री फार्म बी 2 खसरा
12	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री बिश्वजीत पाणी पिता श्री लक्ष्मीधर पाणी, हिमालया हाईट्स बोईरदादर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
13	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री रंजन दास पिता स्व. श्री सीमांचल दास, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
14	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती भावना शुक्ला पति श्री एकेश्वर प्रसाद शुक्ला, म.न. 48/2400, गली न. 02, प्राची विहार अतरमुड़ा, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
15	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री सुनील कुमार पाढ़ी पिता श्री प्रसन्न कुमार पाढ़ी, बालिकुलुंडा पोस्ट देश भाठली तह. भेडेन, जिला बरगढ़ (ओड़िसा)	रजिस्ट्री
16	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती अनिता रतेरिया पति श्री राजेश रतेरिया, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड न. 25, चक्रधरनगर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
17	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री विमलेश कुमार अग्रवाल पिता श्री रामनारायण अग्रवाल, दरोगापारा बुढ़ी माई मंदिर के पास, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
18	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री गोपीनाथ मेहर पिता स्व. श्री नरेन्द्र प्रसाद मेहर, एच.आई.जी.-6, लोचननगर, वार्ड न. 27, पहाड़ मंदिर रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
19	21	876	बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	मेसर्स श्री ओम सृष्टि डेव्लपर्स की ओर से भागीदार श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल पिता स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य, सदर बाजार, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती सुलोचना साहू पति श्री गन्धर्व साहू, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
20	45	new	भगवानपुर, पार्क एवेन्यू, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री नरेश कुमार अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, ग्राम नवापारा, (नवापारा टेण्डा) तह. घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	1. श्री गुरूदयाल सिंह बग्गा पिता श्री प्यारा सिंह बग्गा, वार्ड न. 10, सोनार पारा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) 2. श्रीमती सरनजीत कौर वाधवा पति श्री अमरजीत सिंह बाधवा, म. न. 20, किरोड़ीमल कॉलोनी अनाथलय मार्ग, वार्ड न. 18 जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री फार्म बी 1
21	15	236	सिविल लाईस दरोगापारा, रायगढ़ (छ.ग.)	स्व. श्रीमती अंजली भटटाचार्य पति स्व. श्री सुबीर भटटाचार्य, सिविल लाईस दरोगापारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री सुमंत भटटाचार्य पिता स्व. श्री सुबीर भटटाचार्य, सिविल लाईस दरोगापारा, रायगढ़ (छ.ग.)	मृत्यु प्रमाणपत्र
22	12		बहिदार पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री नवीनचंद, दैतारी प्रसाद पिता श्री हरिशंकर बहिदार, बहिदार पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती पार्वती पति स्व. श्री नवीनचंद एवं श्री संजय कुमार, श्री संदीप कुमार, शोभा पिता स्व. श्री नवीनचंद, श्री रमेश कुमार, श्री उमेश कुमार, श्री दिनेश कुमार, श्री भीम कुमार, श्री सोम कुमार, सरिता, लीलावती पिता स्व. श्री निमाई चरण, श्री योगेश कुमार, आरतनाशन, सरिता पिता स्व. श्री दैतारीप्रसाद, बहिदार पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	विरासतन हक से

आयुक्त,
नगर पालिक निगम,
रायगढ़ (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई और शुभकामनाएं दी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने धनतेरस की पूर्व संध्या पर अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से दीपावली पर्व की शुरूआत हो जाती है। इस दिन धन, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। श्री बघेल ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस का त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए। साथ ही उन्होंने अपील की है कि खुशी देने और बांटने से बढ़ती है इसलिए इस दीवाली कुम्हारों जैसे हुनरमंदों और छोटे व्यवसाय करने वालों से दिये, सजावट की वस्तुएं और अन्य सामानों की खरीद कर उनकी दीवाली भी खुशहाल बनायें। उन्होंने प्रदेश की जनता से कोरोना महामारी से बचाव के लिए कोरोना गाइड लाइन का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील भी की है।

सिंहदेव, मरकाम ने भी किया मौलाना अबुल कलाम को नमन

रायपुर। देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भी ट्वीट कर उन्हें नमन किया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से नव भारत निर्माण का मार्ग स्थापित करने वाले अबुल कलाम आजाद का योगदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा।

पापा से मुझे विरासत में संघर्ष मिला है- अमित जोगी

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बुधवार को अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी के समाधि स्थल पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। उनके साथ उनकी मां श्रीमती रेणु जोगी भी थी। अमित जोगी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि आज सुबह वे अपनी मां श्रीमती रेणु जोगी और अन्य समर्थकों के साथ स्व. अजीत जोगी के समाधि स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पापा से आशीर्वाद और उनके जीवन से प्रेरणा ली। अमित जोगी ने कहा कि पापा से उन्हें विरासत में संघर्ष मिला है। चुनौती कितनी भी कठिन हो उसका सामना करूंगा। न हारूंगा और न झुकूंगा। उन्होंने कहा कि अपने पापा के बताये रास्ते पर आखरी सांस तक वे चलते रहेंगे।

मरवाही किसी परिवार की नहीं कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है : सीएम बघेल

जीत कर कांग्रेस भवन पहुंचे विधायक ध्रुव, सबने किया स्वागत

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। मरवाही उपचुनाव में मिली जीत का जश्न आज राजधानी मुख्यालय के राजीव भवन में दिखाई पड़ा। हर कोई एक दूसरे को बधाई दे रहे थे मिठाई खिलाने का दौर चल रहा था। सदन में अब कांग्रेस के 70 विधायक जो हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डॉक्टर केके ध्रुव को साथ लेकर कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे। यहां प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन की ताकत के साथ डॉक्टर के.के. ध्रुव की सहजता, सरलता और सेवाभाव की बदौलत ये ऐतिहासिक जीत मिली है।

भूपेश बघेल ने कहा कि मरवाही की सीट में भाजपा और उसकी बी टीम ने मिलकर लड़ा। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है किसी परिवार की नहीं। यहां विकास के काम इसलिए नहीं हुए क्योकि भाजपा ने जोगी को यह सीट सौंप दी थी। जितनी वोट कांग्रेस पार्टी को मिली है उतने जोगी को कभी नहीं मिले। उधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर इस जीत का स्वागत किया।कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कई मंत्री और विधायक बुधवार को राजीव भवन में मौजूद रहे। मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस के डॉ. केके ध्रुव ने भाजपा के डॉ. गंभीर सिंह को 38 हजार से अधिक वोटों से हरा दिया। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपनी पारंपरिक सीट पर वापसी कर ली है।केके ध्रुव के विधायक चुने जाने के बाद 90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के 70 विधायक हो गए हैं।

प्रचार में आला लटका घूमने वाले डॉक्टर ध्रुव माला लटकाकर पहुंचे

■ पहली प्राथमकिता स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पानी

नव-प्रदेश संवादाता

रायपुर। मरवाही उपचुनाव में परिवार की मोनो पल्ली तोड़कर कांग्रेस का परचम लहराने वाले डॉ.केके.ध्रुव आज कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस से प्रत्याशी घोषित होने के बाद सबसे ज्यादा चर्चित स्वरूप इन्हीं का था। आज जब वे रायपुर पहुंचे तो उनका दूसरा स्वरूप देखकर मीडिया ने चुटकी ली। दरअसल पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क के वक्त डॉ.केके.ध्रुव के गले में फूल माला नहीं बल्कि आला यानि कि स्टेथेस्कोप लटका रहता था। इतना ही नहीं डॉ.ध्रुव प्रचार अभियान के दौरान ही मरवाही की जनता की जांच भी अपने उसी आला से करते थे।

आज बुधवार को जब वे रायपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे तो जीत के बाद उनके गले से डॉक्टरी वाला आला नदारद था और आला की जगह माला लटक रही थी। बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी श्री ध्रुव रहने वाले बलौदाबाजार के हैं। चुनाव के दौरान उनका बाहरी होने का हल्ला भी विरोधियों ने खूब मचाया था। जबकि भाजपा प्रत्याशी डॉ.गंभीर सिंह मरवाही के हैं पर वे रायपुर में रहने लगे थे। हालाकि दोनों ही डॉक्टरी पेशे से हैं और मरवाही में इसी भूमिका में जाने जाते हैं। परंतु मरवाही की जनता ने बाहरी को चुना क्योंकि मरवाही किसी परिवार का नहीं बल्कि कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है।

आला और माला के जवाब में मीडिया को जीतने के बाद अपनी दोहरी भूमिका के साथ पूरा न्याय करने की बात मरवाही विधायक डॉ.केके.ध्रुव ने कही। उन्हों ने आश्वासन दिया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पानी की रहेगी। इसके लिए वे निश्चित तौर पर भूपेश सरकार से कामयाब पहल करवाएंगे। उन्हों ने यह भी दावा किया कि वे विधायक के बतौर सेवा और बतौर चिकित्सक अपना फर्ज भी अदा करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने उनका राजीव भवन में स्वागत किया।

सीएस मंडल ने किया स्मार्ट सिटी के नए प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण

अधिकारियों को दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मंडल बुधवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में शामिल मल्टी लेवल पार्किंग, सिटी कोतवाली, देवेंद्र नगर मार्ग उन्नयन व स्मार्ट आक्सीजोन सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव, नगर निगम कमिश्नर सौरभ कुमार, अपर प्रबंध संचालक प्रभात मलिक भी उनके साथ थे। इस दौरान उन्होंने इन सभी प्रोजेक्ट्स के इंजीनियर एवं कार्य एजेंसियों को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है।

निरीक्षण के दौरान देवेंद्र नगर सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का उन्होंने जायजा लिया एवं सुचारु आवागमन में होने वाले सभी तरह के गतिरोध को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। ऑक्सीजोन स्मार्ट रोड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाउंड्रीवॉल में आकर्षक पेंटिंग के साथ ही मार्ग में आवाजाही को सुगम बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव श्री मंडल इस दौरान वन विभाग द्वारा तैयार किए गए ऑक्सीजोन का भी निरीक्षण किया। परिसर को हरीतिमा युक्त वातावरण में विकसित किए जाने हेतु संचालित कार्यों की भी जानकारी ली।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तैयार किए जा रहे मल्टी लेवल पार्किंग परिसर का भी श्री मंडल ने जायजा लिया एवं कलेक्टर कार्यालय मार्ग के सौंदर्यीकरण व वाहनों के व्यवस्थित रखरखाव के लिए नगर के इस दूसरे बड़े मल्टीलेवल पार्किंग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निर्माणाधीन सिटी कोतवाली और इससे सटे मार्ग के चौड़ीकरण के लिए नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के तकनीकी बिंदुओं पर उन्होंने अधिकारियों को मार्गदर्शन भी दिया।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग के अधिकारियों सहित एडिशनल एसपी लखन पटले, जी.एम. टेक्निकल एस.के. सुंदरानी, जोन कमिश्नर आर.के. डोंगरे, विनय मिश्रा, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मैनेजर सिविल संजय शर्मा, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर लोकेश चंद्रवंशी, असिस्टेंट मैनेजर अर्जिता दीवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम बघेल और पीसीसी चीफ मरकाम का किया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

मरवाही की जनता का विश्वास टूटने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मरवाही में मिली जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का और क्षेत्र की जनता का कांग्रेस पर विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल दावा नहीं किया है, बल्कि सत्ता में आने के बाद विकास के जो नए अध्याय लिखे गए हैं, जनता ने उसी को ध्यान में रखकर कांग्रेस को अपना अमूल्य मत दिया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस मजबुत हुआ है तो यह कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस मजबुत है और 70 सीटों पर कांग्रेस है तो इसके पीछे सबकी कड़ी मेहनत और हमारे द्वारा किए गए विकास कार्य हैं।

उन्होंने कहा कि विकास की गति को और तेज करने राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

रायपुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव की जीत के मौके पर राजीव भवन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का सम्मान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मरवाही की जनता ने बता दिया कि ये जोगी का नहीं कांग्रेस का गढ़ है। जोगी की वजह से बाकियों को मरवाही से मौका नहीं मिलता था। के.के. ध्रुव को साढ़े तिरासी हजार वोट मिले, इतने वोट जोगी परिवार के किसी व्यक्ति को भी आज तक नहीं मिले थे। मरवाही चुनाव में बने भाजपा और जोगी कांग्रेस गठबंधन पर हमला बोला। 15 सालों तक ये गठबंधन छिपा हुआ था। लेकिन पहली बार खुलकर सामने आया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जीत के दावे भाजपा और उसकी बी टीम के मुंगेरी लाल के हसीन सपने साबित हुई। ये जीत भूपेश बघेल की नीतियों और उनके कामकाज पर जनता की मुहर है। मरवाही की जनता ने बिकाऊ नहीं बल्कि टिकाऊ पर भरोसा किया है।

मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मरवाही की 18 सालों से उपेक्षा ने कांग्रेस की जीत की जमीन तैयार की जिस पर भूपेश बघेल सरकार के फैसले और कामकाज ने जीत सुनिश्चित की। उन्होंने चुनाव से पहले बड़ी संख्या में जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने पर कहा कि वे जोगी कांग्रेस में खुद को छला महसूस कर रहे थे। उन कार्यकर्ताओं को अब कांग्रेस में सम्मान मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश, कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री जय सिंह अग्रवाल, सांसद ज्योत्सना महंत, सांसद छाया वर्मा, नवनियुक्त मरवाही विधायक के के ध्रुव, कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष धुप्पड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश महामंत्री अटल श्रीवास्तव, विधायक शैलेश पांडे, विधायक अनीता शर्मा, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, कांग्रेस संचार विभाग के सदस्य आरपी सिंह, कांग्रेस संचार विभाग सदस्य सुशील आनंद शुक्ला, कांग्रेस संचार विभाग सदस्य किरणमयी नायक, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता विकास तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णचंद पाढ़ी बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

नजीर | राज्यपाल ने मेडिकल कॉलेज रायपुर के चिकित्सकों द्वारा बनाए वीडियो का किया विमोचन

मरीज और चिकित्सक के रिश्ते पर है म्यूजिकल वीडियो

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज यहां राजभवन में पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति चिकित्सालय रायपुर के डॉक्टरों द्वारा बनाये गये म्यूजिकल वीडियो का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर सिकल सेल संस्थान के महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग डॉ. अरविंद नेरल उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि डॉक्टर इंसान के रूप में एक ऐसा व्यक्ति होता है, जिसे लोग ईश्वर स्वरूप मानते हैं। कोरोनाकाल में डॉक्टरों ने जिस समर्पण भाव से कार्य किया और उन्होंने कई कोरोना मरीजों की जान बचाई, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जो म्यूजिकल वीडियो बनाई है, उसके लिए मैं बधाई देती हूं। इस वीडियो के माध्यम से समाज के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा। चिकित्सकों द्वारा अपने व्यस्तम जीवन के बीच समय निकालकर बनाया गया यह वीडियो उनके रचनात्मकता को दर्शाता है।

डॉ. नेरल ने बताया कि यह वीडियो मरीज और डॉक्टर के सम्बन्धों पर आधारित है। इस वीडियो में चिकित्सकों की भूमिका को रेखांकित किया गया है। इसका निर्माण डॉक्टरों की टीम द्वारा ही किया गया है। साथ ही गीत और संगीत डॉक्टरों द्वारा बनाया गया है और उनके द्वारा गाया गया है। यह वीडियो 'हम तुम्हारे साथ हैं' थीम पर आधारित है। इस अवसर पर डॉ. आर. एल. खरे, डॉ. वर्षा मुंगतवर, डॉ. मान्या ठाकुर, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. पीयुष भार्गव, डॉ. वंदना देवांगन, डॉ. प्रभा ठाकुर भी उपस्थित थे।

राजभवन में दीपावली मिलन का आयोजन

राज्यपालने अधिकारियों-कर्मचारियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

रायपुर। आज यहां राजभवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपहार और मिष्ठान वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो एवं राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

एटी ज्वेलर्स ने कभी भी आभूषणों के डिजाइन को नहीं किया रिपीट

■ त्यौहारी और वेडिंग सीजन कं लिए सभी कलेक्शन उपलब्ध

■ क्वालिटी और इनोवेशन पर दिया जाता है विशेष ध्यान

रायपुर (नव प्रदेश)। मध्यभारत की प्रतिष्ठित ज्वेलरी संस्थान अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स गत 60 वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रही है। लेकिन अभी तक एटी ने किसी भी आभूषण के डिजाइन को रिपीट नहीं किया है। संस्थान ने हमेशा से ही अपनी विश्वसनीयता बनाए रखी है, जिसके तहत क्वालिटी बनाए रखी है, जिसके तहत क्वालिटी और इनोवेशन पर विशेष ध्यान दिया जाता है । यह बातें अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने कही। उन्होनें बताया कि हमने त्यौहारी सीजन के साथ-साथ आने वाले वेडिंग सीजन के लिए भी सारी

Symbol of Trust
at
Since 1957
अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

तैयारियां कर ली है। साथ ही लोगों का रुझान भी अभी आभूषण खरीदने के प्रति अच्छा है।

अच्छा अवसर खरीदारी का

बरड़िया कहते हैं कि कुछ दिनों तक सोने के दाम में थोड़ी स्थिरता थी और अब इसमें थोड़ी तेजी आ रही है। निवेश के साथ-साथ त्यौहारी मुहूर्त और विवाह की तैयारी में यह वक्त आभूषण खरीदने के लिए अच्छा है। हमने इसके लिए नए स्टॉक तैयार किए हैं, जिसे बेस्ट करीगरों ने तैयार किया है। इसमें डिजाइनर सेट्स को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही हमारे लाइट वेट, कुंदन, प्रीसीयस स्टोन, ब्राइडल ज्वेलरी, मीनाकारी, राजस्थानी आभूषण, गुजराती, बेस्ड डिजाइन ज्वेलरी व छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी भी बेस्ट डिजाइन के साथ है।

कपल रिंग खास

तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि युवतियों में लाइट वेट गहने और ब्राइडल हैवी गहने के प्रति ज्यादा रुझान रहता है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी की भी अच्छी डिमांड रहती है, जिसे हम नए तरीके से प्रस्तुत करते हैं। इसके साथ ही हम विशेष कपल रिंग भी तैयार कर रहे हैं, जिसमें कपल्स के नाम आकर्षक तरीके से लिखा जाता है।

पायल की एक हजार से अधिक डिजाइन

इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। हमारे पास पायल के हजार से अधिक डिजाइन है और बिछुए के 10 हजार से अधिक। इसी तरह हम सभी आभूषणों के विशेष कारीगरी के साथ पेश करते हैं। साथ ही हमारे पास सभी प्रकार के रत्न भी है, जिसकी विशेष नक्षत्र में अच्छी डिमांड रहती है।

संपादकीय

बिहार में फिर एनडीए सरकार

तमाम खबरियां चैनलों के एग्जिट पोल को झूटलाते हुए बिहार की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार के प्रति अपना भरोसा जताया है। बिहार के लोगों ने युवा के बदले अनुभव को तरजीह दी है। एनडीए ने 125 सीट हासिल कर महागठबंधन के सपनों को चकना-चूर कर दिया जिसने एक 110 सीटें हासिल की है। बिहार विधानसभा चुनाव इस बार एनडीए के लिए कड़ी चुनौती था। पूरे प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर पूरे वेग से चल रही थी और बदलाव की बयार बह रही थी। उपर से लोग जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान ने अपनी अलग राह पकड़ ली थी। लोजपा ने भले ही एक सीट जीती हो लेकिन उसने कम से कम 30 सीटों पर जेडीयू को हराने का काम किया है अन्यथा जेडीयू को और ज्यादा सीटें हासिल होती। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभाओं ने पासा पलट दिया। उन्होंने सत्ताविरोधी लहर का असर कम करने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने लालू यादव के भ्रष्टाचार को लेकर जमकर प्रहार किया और आखिरकार लालू यादव का भ्रष्टाचार ही तेजस्वी यादव पर भारी पड़ गया। हालांकि तेजस्वी यादव ने पुरे चुनाव प्रचार के दौरान अपने माता-पिता की फोटो तक चुनावी पोस्टरों में नहीं लगाई थी लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद वे लालू की छाया से बाहर नहीं निकल पाए। कांग्रेस को 70 सीटें देने का उनका फैसला भी उन पर भारी पड़ गया। कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटें जीती और अनेक विधानसभा क्षेत्रों में उसके प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई । अलबत्ता वामपंथी दलों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बावजूद महागठबंधन 110 सीटों पर जाकर अटक गया। राजद पिछले चुनाव के मुकाबले कम सीटें पाने के बावजूद सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जबकि भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। किन्तु भाजपा ने नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया है जो स्वागत योग्य कदम है। नीतीश कुमार एनडीए का हिस्सा है और उन्होंने पिछले 15 सालों तक बिहार में बेहतर काम करके दिखाया है। वैसे भी उन्होंने चुनाव के दौरान ही यह घोषणा कर दी थी कि या चुनाव उनका आखरी चुनाव है। इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाए रखना उपयुक्त निर्णय है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के नए सोपान तय करेगा। बिहार की जनता ने बेहद मजबूत विपक्ष भी बनाया है। इसलिए बिहार में सरकार बेहतर काम करेगी और अच्छे परिणाम देगी, यह उम्मीद की जानी चाहिए।

विचार

आगे का अमेरिका

आखिर जोसफ बाइडन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति निर्वाचित हो गए। बहुमत के लिए उन्हें इलेक्टोरल कॉलेज के 270 वोटों की जरूरत थी। ट्रंप खेमे की तमाम रोकटोक, मुकदमेबाजी और दोबारा गिनती के बावजूद यह रेखा वह आराम से पार कर गए। आम मतदाताओं के 7.4 करोड़ वोट बाइडन को मिले जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। बावजूद इसके, रूस ने अभी तक उनको बधाई नहीं दी है। चीन ने भी यह कहते हुए बधाई देने में जल्दबाजी से बचना चाहा है कि नतीजे अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अमेरिका ही नहीं, दुनिया के लिए भी यह असमंजस आशंकाएं पैदा कर रहा है। यों भी ट्रंप का कार्यकाल उनकी कभी कुछ भी बोल या कर देने की छवि से आक्रांत रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि कोर्ट में चुनौती देने से चुनाव नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ना है क्योंकि ट्रंप के आरोपों की पुष्टि करने वाला कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। फिर भी यह तो है कि इस बार अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया उतनी सहज नहीं रहने वाली, जितनी हर बार होती है। चिंता की एक और वजह यह है कि नियमतः ट्रंप दो महीने और राष्ट्रपति पद पर बने ही रहने वाले हैं। नए राष्ट्रपति का शपथग्रहण 20 जनवरी को होता है। जो सवाल सबके मन को मथ रहा है, वह यह कि इस बीच ट्रंप पता नहीं क्या फैसला करके आने वाली सरकार के लिए किस तरह की मुश्किल खड़ी कर दें। अंतरराष्ट्रीय मामलों में, खासकर चीन के संदर्भ में उनका कोई विवादित फैसला अगली सरकार की मुसीबत बढ़ा सकता है। हालांकि बाइडन के सामने चुनौतियां यों भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती तो कोरोना महामारी से निपटने की ही है जो ट्रंप सरकार की गलत प्राथमिकताओं के चलते अमेरिका में बेकाबू हो गई है और कई देशों में उसकी दूसरी लहर चल पड़ी है। बीमारी के बजाय विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) को निशाना बनाने से न केवल कोरोना से लड़ाई कमजोर पड़ी, बल्कि दुनिया में अमेरिका की छवि को भी नुकसान पहुंचा। ऐसा ही नुकसान पेरिस जलवायु समझौते और अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों से एकतरफा ढंग से बाहर आने से भी हुआ।

जाहिर है, बाइडन के नेतृत्व में बनने वाली सरकार को इन तमाम नुकसानों की भरपाई के लिए काफी मशक्कत करनी होगी। अर्थव्यवस्था की तबाह हालत इस काम को बेहद कठिन बना देती है, फिर भी यह सबसे बड़ी चुनौती नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि साइंस-टेक्नॉलजी के मोर्चे पर अमेरिका की सर्वोच्चता खतरे में है। टेलिकॉम में 5जी में बढ़त बनाकर चीन ने लीड ले ली है। इस मोर्चे पर अमेरिका की सबसे बड़ी ताकत यह रही है कि दुनिया भर की प्रतिभाएं वहां पहुंचकर उसे अपनी सेवाएं देने को तत्पर रही हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों की संकीर्णता और एंटी माइग्रैंट फैसलों ने भारत जैसे तमाम देशों के स्टूडेंट्स के मन में अमेरिका के प्रति आशंकाएं पैदा की हैं। बाइडन प्रशासन को इन सारे मोर्चों पर बहुत मेहनत करनी होगी।

दीवाली का बदलता ट्रैंड

योगेश कुमार गोयल

> *नागपाल मानते हैं कि अब दीवाली पर दिखावा ज्यादा बढ़ गया है और उसी के अनुरूप खर्च भी बढ़ रहा है। वह बताते हैं कि देश के प्रमुख बैंक अब दीवाली पर लोगों की खुशियों को पूरा करने में उनके सहभागी बन रहे हैं। नागपाल के अनुसार लोग चूंकि दीवाली पर काफी खरीददारी करते हैं और इस अवसर पर काफी पैसों की भी जरूरत होती है, इसलिए बैंक इस मौके पर 'फेस्टीवल बोनान्जा' इत्यादि विभिन्न आकर्षक योजनाएं शुरू करते हैं, जिसके तहत बैंकों से नवरात्र के समय से दिसम्बर के अंत तक लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज में कुछ छूट प्रदान की जाती है।*

समाज में ज्यों-ज्यों आधुनिकता का समावेश हो रहा है, वैसे-वैसे हमारे तीज-त्यौहारों पर भी आधुनिकता का प्रभाव स्पष्ट देखा जा रहा है। दीवाली जैसा हमारा पारम्परिक त्यौहार भी आधुनिकता की चपेट से नहीं बच पाया है। पहले लोग दीवाली के दिन श्रद्धापूर्वक अपने घर के अंदर व बाहर सरसों तेल अथवा घी के दीये जलाते थे और रात के समय सपरिवार पूजन में शामिल होते थे लेकिन अब प्रतीकात्मक कुछ दीये जलाने की रस्म निभाने के साथ मोमबत्तियों व रंग-बिरंगी लाइटों का इस्तेमाल होने लगा है। पूजन के लिए तथा घर में खाने के लिए तरह-तरह के पकवान घरों में ही बनाए जाते थे लेकिन अब बाजार की मिठाईयों व ड्राई फ्रूट्स का चलन हो गया है। हल्के पटाखों की जगह कानफोड़ू और अत्यधिक जहरीला धुआं उगलने वाले पटाखों ने ले ली है। हर तरफ दिखावे की होड़ और उपहार संस्कृति नजर आने लगी है।

एक विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती कुसुम शंकर कहती हैं कि पहले लोगों में अपने घर में अधिक से अधिक दीये जलाने और घर की मुंडेर पर दीयों की कतार सजाने के लिए अपार उत्साह देखा जाता था। लोग दीये जलाने के लिए प्रायः बच्चों के हाथों से ही रूई की बाती बनवाते थे लेकिन दीयों के लिए बाती भी अब बाजार से रेडीमेड मिलती हैं और लोगों में दीयों के बजाय रंग-बिरंगी मोमबत्तियों व इलैक्ट्रॉनिक लाइटों के प्रति आकर्षण बढ़ गया है। कुसुम शंकर बताती हैं कि वह खुद भी अब एक बड़ा दीया जलाकर दीवाली मना लेती हैं। वह कहती हैं कि कुछ समय पहले तक लोग अपने घरों में इकट्ठे दीवाली मनाते थे लेकिन अब हाई सोसायटी के लोगों में तो दीवाली भी क्लबों में जाकर मनाने का चलन बढ़ गया है, जहां दिखावे की होड़ होने लगी है कि कौन कितनी फैशनेबल ड्रैस और कितने कीमती गहने पहने हुए है। उपहारों का चलन तो इतना बढ़ गया है कि कम्पीटिशन के इस युग में हर जगह दीवाली पर महंगे-महंगे उपहार देकर बॉस को खुश करने की होड़ देखी जाती है। कुसुम कहती हैं कि बाजार की मिठाईयों का चलन बढ़ने के कारण दीवाली के अगले दिन बहुत से लोगों

के गले खराब नजर आते हैं क्योंकि बाजार की मिठाईयां शुद्ध नहीं रही। वह बताती हैं कि वह तथा उनके पति ऊंचे पदों पर होने के कारण उनके घर दीवाली पर मिठाईयों का अंबार लग जाता है और वह अक्सर सोचती हैं कि इतनी मिठाईयों का क्या करें? वह कहती हैं कि अब पटाखे इतने महंगे हो गए हैं कि गरीब लोग तो फुलझड़ियां या छोटे-छोटे पटाखे चलाकर ही संतोष कर लेते हैं जबकि बड़े-बड़े लोगों की कालोनियां रातभर पटाखों के धमाकों से गूंजती रहती हैं, उधर मनुष्यों से भी ज्यादा पशु-पक्षी दीवाली की रात होने वाले प्रदूषण से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। दीवाली के बदलते अंदाज पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बैंक अधिकारी एस. के. नागपाल कहते हैं कि पहले जहां आस-पड़ोस में एक-दूसरे के घर जाकर मिठाईयां भेंट करके बधाई देने की परम्परा थी और आपसी मेलजोल तथा भाईचारे का माहौल देखने को मिलता है, वहीं अब लोग आस-पड़ोस में मिठाईयां बांटने के बजाय उन्हीं लोगों को उपहार देते हैं, जिनसे उनका कोई लाभ हो और उपहारों में भी मिठाईयां का चलन तो खत्म हो गया है। मिठाईयों की जगह अब महंगे ड्राई फ्रूट्स अथवा महंगे-महंगे उपहार दिए जाते हैं। वह बताते हैं कि पहले जहां धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परम्परा थी, वहीं अब लोग बर्तन खरीदने के बजाय विभिन्न स्कीमों का लाभ उठाकर इस अवसर पर फ्रिज, टीवी, एसी इत्यादि खरीदते हैं। नागपाल मानते हैं कि अब दीवाली पर दिखावा ज्यादा बढ़ गया है और उसी के अनुरूप खर्च भी बढ़ रहा है। वह बताते हैं कि देश के प्रमुख बैंक अब दीवाली पर लोगों की खुशियों को पूरा करने में उनके सहभागी बन रहे हैं। नागपाल के अनुसार लोग चूंकि दीवाली पर काफी खरीददारी करते हैं और इस अवसर पर काफी पैसों की भी जरूरत होती है, इसलिए बैंक इस मौके पर 'फेस्टीवल बोनान्जा' इत्यादि विभिन्न आकर्षक योजनाएं शुरू करते हैं, जिसके तहत बैंकों से नवरात्र के समय से दिसम्बर के अंत तक लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज में कुछ छूट प्रदान की जाती है।

दिल्ली में सरकारी नौकरी कर रहे गुड़गांव के राकेश खुराना कहते हैं कि दीवाली पर अब उपहारों के आदान-प्रदान का चलन इतना बढ़ गया है कि उपहार बांटने का सिलसिला दीवाली से 15-20 दिन पहले ही शुरू हो जाता है और यह सिलसिला दीवाली के दिन तक चलता है। उपहार बांटने की कवायद में काफी धन खर्च करने के साथ-साथ इस दौरान व्यक्ति मानसिक व शारीरिक तौर पर इतना थक जाता है कि उसमें दीवाली की औपचारिकताएं निभाने की सामर्थ्य ही नहीं बचती।

किराना व्यापारी अजेश कुमार कहते हैं कि पहले दीवाली पर खील, बताशे व चीनी के बने खिलौने खूब बिकते थे और लोग लक्ष्मी पूजन में भी इनका उपयोग किया करते थे लेकिन अब मिठाईयों का चलन इतना बढ़ गया है कि इन सब चीजों का चलन बेहद कम रह गया है।

पूजन भी अब मिठाईयों से ही होने लगा है। अजेश कहते हैं कि रंग बिरंगी रोशनियों वाले पटाखों की तरफलोग जरूर पहले से भी ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं और ज्यादातर ऐसे पटाखों का चलन बढ़ रहा है, जो धमाकेदार आवाज के साथ-साथ आसपास के माहौल को भी कुछ पलों के लिए रंगीन बना दें। गृहिणी शीला अग्रवाल के अनुसार दीवाली पर पहले जो सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिलता था, अब वो बात नहीं रही। लोगों के बीच पहले इस अवसर पर जो सौहार्द देखा जाता था, वह खत्म हो गया लगता है और दीवाली पर पूरी तरह आधुनिकता हावी नजर आती है। शीला कहती हैं पाश्चात्य संस्कृति में रंगे युवा अब दीवाली पर अपने परिवारजनों के साथ पूजा-पाठ में भाग न लेकर क्लबों व पार्टियों में इस अवसर पर अपने तरीके से जश्न मनाते हैं। ***(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)***

बिहार ने विकास और सुशासन को चुना

राजेश माहेश्वरी

> *अब तक जदयू से गतिरोध में यह अटके थे। भाजपा नीतीश निश्चय से अलग आत्मनिर्भर बिहार अभियान में ताकत झोंकेगी, क्योंकि उसे स्वीकार्यता नजर आ रही है। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली जीत को लेकर एनडीए में जश्न का माहौल है। बिहार चुनावों में एनडीए की जीत का दूसरा बड़ा असर पश्चिम बंगाल में होगा। पहले असर के लिए महाराष्ट्र तैयार है। बस सही समय का इंतजार है। वहीं बिहार के चुनाव और साथ हुए कई उपचुनावों के नतीजे बस एक ही बात का संकेत दे रहे हैं कि विपक्ष को अब साल 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारियां करनी चाहिए। बिहार विधानसभा चुनावों का कमोबेश शांतिपूर्वक होना भी एक सुखद संकेत है, जिसका श्रेय निस्संदेह चुनाव सुधारों और चुनाव आयोग की सक्रियता को जाता है। भले ही गाहे-बगाहे चुनाव आयोग व ईवीएम मशीनों पर हारे प्रत्याशी सवाल उठाते रहे हों, लेकिन सुधारों ने चुनावों को हिंसामुक्त व पारदर्शी बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है।*

बिहारवासियों ने एक बार फिर बिहार की कमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के हाथों में सौंप दी है। बिहार के बांशिदों ने सुशासन बाबू नीतीश कुमार पर एक बार फिर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया है कि उन्हें जंगलराज और लालटेन युग नहीं चाहिए। बिहार को विकास चाहिए। बिहार को सुशासन चाहिए। वहीं इस चुनाव में जनता जातीय समीकरणों के भ्रमजाल से बड़ी सफाई से बचती दिखी। जनता ने साफतौर पर ये बता दिया कि राष्ट्रीय मुद्दे, विकास व सुशासन उसके एजेण्डे में तमाम दूसरे मुद्दों से ऊपर है। इस बार बिहार के चुनाव परिणामों में एनडीए में यह बड़ा बदलाव अवश्य आया है कि अब बीजेपी बड़े भाई की भूमिका में आ गई है। बिहार में अब नीतीश सरकार में भाजपा का कंट्रोल ज्यादा होगा। वहीं इन सबके बीच बिहार विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल साल 2015 की तर्ज पर एक बार फिर बेकार साबित हुए हैं।

नीतीश कुमार के पंद्रह साल के शासन के बाद ये अनुमान लगाया जा रहा था कि बिहार इस बार बदलाव के मूड में है। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि नीतीश के खिलाफ माहौल था। लेकिन बिहारवासी जंगलराज के वापसी किसी कीमत पर नहीं चाहते थे। तेजस्वी यादव 10 लाख नौकरियों के बड़े मुद्दे के साथ चुनाव मैदान में उतरे थे। ऐसे में बिहार में नौकरी का मुद्दा बड़ा फैक्टर बनकर उभरा था। वहीं लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों के मसले को भी विपक्ष ने जोर शोर से उठाया। विपक्ष ने प्रवासी मजदूरों के मामले में नीतीश सरकार की नाकामयाबी को मुद्दा बनाया। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चीन के साथ सीमा विवाद को भी खुलकर हवा दी। लेकिन विपक्ष के सारे वादे, मुद्दे और वार भोथरे साबित हुए। वहीं जातीय राजनीति के सबसे गढ़ माने जाने वाले बिहार में इस दफा जातीय समीकरण और गठजोड़ ध्वस्त होते दिखाई दिये। मुस्लिम-यादव समीकरण सफल साबित नहीं हो सका। मगर इस चुनाव में वाम दलों ने अपने गढ़ों में बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले चुनाव में वाम दलों के हिस्से में मात्र 3 सीटें आई थी, इस बार वो 16 सीटों पर जीते हैं। कांग्रेस ने 2015 में 27 सीटें जीती थी, इस बार वो केवल 19 सीटों पर सफल हो पायी है। महागठबंधन और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल

गांधी ने छह विधानसभाओं में चुनावी सभाएं की थी। स्थिति यह रही कि अररिया विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर किसी भी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत नहीं मिली। वाम दलों का प्रदर्शन कांग्रेस से बहुत बेहतर है। बहुत संभव है कि यह रणनीति पश्चिम बंगाल में भाजपा के विरुद्ध दोहरायी जाये। कांग्रेस और ममता बनर्जी के लिये ये खतरे का संकेत है।

इस बीच ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी 5 सीटों पर जीत हासिल करके सबको चैंकाया है। वास्तव में मुसलमान वोटर धीरे-धीरे एकमुश्त उनके पास आ रहा है। अगर दलित वोटरों का भी एक हिस्सा उनके पास आ गया तो वे राजनीति के अगले 'गेम चेंजर' साबित होंगे। इसीलिए कांग्रेस को बीजेपी से ज्यादा खतरा ओवेसी से है। ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्यूलर फ्रंट (जीडीएसएफ) ने सात सीट जीतकर अपनी दमदार उपस्थित दर्ज करायी है। हालांकि छह दल वाले इस फ्रंट के नेता और सीएम पद के चेहरा उपेंद्र कुशवाहा खुद कोई कमाल नहीं कर सके। उनकी पार्टी रालोसपा सभी सीट हार गयी है। रालोसपा पिछली बार एनडीए के साथ 23 सीटों लड़ी थी और दो सीटों पर जीत मिली थी। वहीं राजनीतिक पंडित मंथन में लगे हैं कि तेजस्वी यादव की रैलियों में जुटने वाली भीड़ उम्मीदों के मुताबिक वोटों में क्यों तबदील नहीं हुई। वहीं कौन-सा साइलेंट वोटर था, जिसने भाजपा व जद-यू को दोबारा सत्ता दिलाई।

पिछली बार बीजेपी ने 53 सीटें जीती थी, इस बार उसके खाते में 74 सीटें आई हैं। साल 2015 के चुनावों में नीतीश कुमार ने जहां 101 सीटों में से 71 सीटों पर जीत हासिल की थी वहीं 2020 में 115 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद सिर्फ 43 सीटों पर ही उनकी पार्टी जीत पायी है। जेडीयू को चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने काफी नुकसान पहुंचाया। जेडीयू का विरोध करते हुए बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर मैदान में उतरी चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) को सिर्फ एक सीट ही हासिल हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा ने इस बार के चुनाव को काफी प्रभावित किया। प्रधानमंत्री इस चुनाव में चार बार बिहार आये। उनकी 12 सभाएं हुई। वो जिन-जिन क्षेत्रों में चुनावी सभाएं की, उनमें से अधिकतर सीटें भाजपा की झोली में आयी। जदयू व एनडीए के दूसरे घटक दल के उम्मीदवार भी चुनाव जीतने में सफल रहे। बिहार विधानसभा चुनाव समेत विभिन्न राज्यों के उपचुनाव में देशवासियों ने 'मोदी हैं तो मुमकिन है' की कहावत को पुनः एक बार चरितार्थ किया है। चुनाव नतीजों को देखें तो सीटों के हिसाब से भाजपा मजबूत हुई है और जदयू कमजोर हुआ है। नीतीश कुमार भाजपा से कम सीटें जीतने पर भाजपा के सामने सीएम पद का प्रस्ताव रख सकते हैं। दूसरा, पहले से तय बातों को ध्यान में रखते हुए अपने पद पर कायम रहें। तीसरा, केंद्र में संवैधानिक पद मिलने तक एनडीए के संयोजक की भूमिका में भी जा सकते हैं। एनडीए के आपसी रिशतों का आम बिहारवासी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। असल में भाजपा प्रभावी होगी तो बोर्ड-आयोगों का कामकाज बंटेगा, अधूरे और लटके हुए काम होने लगेंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं जीवन लिखूं तो तुम अपना साथ

मैं जीवन लिखूं तो तुम अपना साथ समझना मैं सुकुन लिखूं तो तुम अपने हाथों में मेरा हाथ समझना मैं रात लिखूं तो तुम मेरा हर ख्वाब समझना मैं मोहब्बत लिखूं तो तुम मेरे दिल पर अपना राज समझना।
उमा मेहता त्रिवेदी

दावें निकलें फुस्स है,नही बनी सरकार

दावें निकलें फुस्स है,नही बनी सरकार कमल-तीर की हो गई,देखो पुनः बिहार देखो पुनः बिहार, तेज गरजा न बरसा लिया हाथ का साथ, मगर फिर भी है तरसा कहें नील कविराय,करो ना आप दिखावें जनता भाए काम,न भाए उनको दावें।
कवि सुनिल शर्मा नील

खास पाती

देश बना सरताज सुनो तुम

देश बना सरताज सुनो तुम इतिहास गवाही दे देगा, सबके दिल की बात सुनो तुम। अजगर थे, अब कीट पतंगे जमलोकी हैं कल थे चंगे, शोक न करना आज सुनो तुम। लूट लिया था देश जिन्होंने पर कतरे हैं आज उन्हीं के, सूली से मत रोक सुनो तुम। लाल मरे पर भूख मिटी कब कान इन्हीं के जूँ रेंगी कब ,अब तो निकले प्राण सुनो तुम। क्या होगा गर गंगा जाओ पवि मन पाओ न्याय मनाओ ,आज धुली सब मैल सुनो तुम। **अग्निहोत्री चन्द्रकान्ता**

सकून दिल में हो अगर तो सुख

सकून दिल में हो अगर तो सुख मिले संसार का क़दम रहें ज़मीन पर नशा न हो खुमार का कभी गिरे कभी उठे कभी संभल संभल चले नहीं कभी किया गिला न ही सबब दीदार का सभी लगें मुझे अज़ीज़ इस सफ़र के दरमियां न की किसी से रंजिशें न दिल दुखा बीमार का जुनून भी रहे मगर बहक नहीं कभी वशर यही वजह रही न मैं निशां बना शिकार का चली किसी की ना कभी वही किया जो दिल कहे सुकून से रहे सदा जशन मना त्योहार का। **दीपा गुप्ता**

तेरे ढंग से मैंने थिरकना है सीखा

तेरे ढंग से मैंने थिरकना है सीखा। तेरे रंग से मैंने चमकना है सीखा।। संभलकर था चलता मगर फंस गया मैं, तेरे अंग लगके मैंने बहकना है सीखा।। झगड़ जाता जग से जब भी जी ये चाहे, तू करे तंग तो सिसकना है सीखा।। सो रही थी भावनाए न जाने कबसे मेरी, संग तेरा मिला तो महकना है सीखा।। था मासूम दिल का गिरीश भोला भाला, तेरे साथ जंग से दहकना है सीखा।। **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

हर महत्वपूर्ण चुनाव में पत्रकार

हर महत्वपूर्ण चुनाव में पत्रकार के वेश में छिपे कुछ कांग्रेडियों का स्क्रीन शॉट रखता हूं, यह सोच कर कि परिणाम के बाद इसे एक्सपोज़ करेंगे। फिर रिज़ल्ट आ जाने के बाद दिल अपना बड़ा हो जाता है। सोचने लगता हूं, छोड़ो भी। क्षमा बड़न को चाहिये। **पंकज कुमार झा**

प्यार ही हो ज़िन्दगी अब प्यार

प्यार ही हो ज़िन्दगी, अब प्यार ही हो बंदगी। तीरगी दिल की मिटे, हो प्यार की जब रोशनी। अब नहीं कोई करे ये नफ़रतों की खेतियाँ, खौफ़ का मंज़र न हो, हो सबके चेहरे पर खुशी। **'ऐनुल' बरौलवी**

एक तो ये तन्हा रात उसपर फिर

एक तो ये तन्हा रात उसपर फिर तुम्हारा ख़्याल ख्वाहिशे मग़रूर इस दिल का क्या कसूर.. चाँद नही बेखबर चाँदनी का क्या हाल.. खामोश देखती रही वफ़ा... ये इश्क़ है..इतना पता दूर के मुलाकातों में इतना दम है...कि हाथों में तस्वीर और ज़िंदगी में सिर्फ़ तुम हो....!! **नंदिता तनुजा**

तुम्हारा प्रेम आकाश की तरह

तुम्हारा प्रेम आकाश की तरह हैं मैं बाहें फैलाय जी भर देख तो सकती हूँ पर जीते जी तुमसे नही मिल सकती हमारा मिलना उसी दिन होगा ज़िन्दगी की आखिरी सफ़र पर जब तमाम जमीनी रिश्ते नाते को दफ़्न कर बनारस के मणिकर्णिका घाट पर मेरे जलते जिस्म से जो लपटे और धुआं उठेगी उसी दिन मैं तुममें समाहित होऊंगी अंत के सफ़र पर जैसे मीरा कृष्ण से मिली थी । **बेबो बेबी सिंह**

QUIZ TIME

1) उजबेक के किस प्रमुख ने वर्ष 1497 एवं वर्ष 1503 में बाबर द्वारा समरकंद शहर को जीतने के दो प्रयासों को विफल कर दिया?

2) सी.डी. ब्रूस के नेतृत्व में एवरेस्ट के किस अभियान के लिए उनके टीम सदस्यों को ओलंपिक पदक से पुरस्कृत किया गया?

3) 'बुंदेली ' और 'कन्नौजी' बोली हिंदी के किस उपभाषा वर्ग की बोलियाँ हैं?

4) भारतीय कैलेंडर के अनुसार प्रथम माह कौन सा है?

5) उर्दू कवि एवं गीतकार अब्दुल हयी को हम लोग किस लोकप्रिय नाम से जानते हैं, जो वामपंथी पत्रिका 'सवेरा' के संपादक रह चुके है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शैबानी खान (2) वर्ष 1922 का अभियान (शीत ओलंपिक, चामोनिक्स, 1924) (3) पश्चिमी हिंदी (4) चैत्र (5) साहिर लुधियानवी

आज का इतिहास

नयी दिल्ली 11 नवंबर (वार्ता) भारत एवं विश्व इतिहास में 12 नवंबर को हुई प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः

1781 - अंग्रेजों ने नागापट्टनम पर कब्जा किया। 1841 - टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया। 1847 - ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया। 1908 - बुलगारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। 1927 - महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की। 1930 - लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत। 1936 - केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले। 1940 - भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमज़द ख़ान का जन्म हुआ। 1946 - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हुआ। 1969 - प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस से निष्कासित किया गया। 1974 - दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित। 1984 - एक रुपया का ब्रितानी नोट गायब, सिक्के चालू किए गए। 1990 - जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक। 2001 - न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए। 2006 - अंतर्राष्ट्रीय संधि 'प्रोटोकॉल ऑन एक्सप्लोसिव रेमनेन्ट्स ऑफवार' लागू हुई। 2008 - देश का पहला मानव रहित अंतरिक्ष यान चंद्रयान-1 चन्द्रमा की अन्तिम कक्षा में स्थापित हुआ।

जब पैपराजी ने सारा अली खान से कहा- नमस्ते पोज दो न

एक्ट्रेस सारा अली खान लॉकडाउन के बाद काम पर वापस लौट चुकी हैं। ऐसे में वह कई बार पैपराजी के कैमरे में कैद होती हैं। सारा अली खान अपने 'नमस्ते पोज' की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने सारा अली खान से 'नमस्ते वाला पोज' देने के लिए कहा। ऐसे में सारा ने उन्हें मजेदार जवाब दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें पैपराजी सारा अली खान ने कहते हैं, सारा जी, आपका नमस्ते वाला पोज तो कीजिए। इसपर एक्ट्रेस पहले तो हंसती हैं, फिर कहती हैं, नमस्ते वाला पोज नहीं होता (नमस्ते कोई पोज नहीं है)। सारा अली खान जल्द ही वरुण धवन संग फिल्म 'कुली नं 1' में रोमांस करती नजर आने वाली हैं। डेविड धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में परेश रावल और जावेद जाफरी भी मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। सारा और वरुण फिल्म के प्रमोशन्स में व्यस्त हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म ओटीटी प्लैटफॉर्म पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। इसके अलावा सारा अली खान फिल्म 'अतरंगी रे' में अक्षय कुमार संग स्क्रीनस्पेस शेयर करती नजर आने वाली हैं।

सारा ने शेयर कीं फोटोज, कहा-

वरुण धवन तुम बिगड़ैल छोकरे हो

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान और वरुण धवन आने वाली फिल्म 'कुली नं 1' के प्रमोशन्स में व्यस्त हैं। दोनों ने हाल ही में फोटोशूट कराया, जिसमें चैक शर्ट और ड्रेस कैरी करते नजर आए। वरुण धवन ने सारा संग खुद की दो फोटोज शेयर कीं। इसके साथ ही उन्होंने शायरी लिखी। वरुण ने लिखा, चेक-मेट, तुम तंग करती हो, चलो अब मुझसे नफरत मत करो, क्योंकि मुझे पता है तुम शानदार हो।इसके साथ ही सारा अली खान को वरुण धवन ने टैग किया है। वहीं, सारा ने लिखा, वरुण धवन तुम एक बिगड़ैल छोकरे हो, शायरी चोर हो और कॉपी कैट हो। चिंता मत करो मेरी टोपी में और भी कई शानदार ट्रिक्स हैं। मैं भी एक OG (Original Gangsta) पुरानी खिलाड़ी हूं- तुम भूल तो नहीं गए हो ये बात?

फैन ने किया तारा सुतारिया को शादी के लिए प्रपोज

नई दिल्ली ए.। बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने साल 2019 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से डेब्यू किया है। एक साल में ही उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग बन चुकी है। एक के बाद एक वह कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। कई बड़े प्रोजेक्ट्स लाइनअप हुए हैं। तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी फोटोज शेयर करती हैं। ऐसे में एक यूजर ने पोस्ट पर कॉमेंट कर उनसे पूछा, ÷तो हम शादी कब कर रहे हैं?

इसपर तारा सुतारिया ने कॉमेंट किया, पहले मैं आपसे मिलना चाहूंगी। तब तक लिखते रहिए मुझे। जब यह वायरस खत्म हो जाएगा और यह खतरनाक समय निकल जाएगा, तब हम मिलेंगे। क्या पता, आपके साथ ही मैं आगे बढ़ूं।

अहान शेट्टी की फिल्म 'तड़प' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा तारा सुतारिया, मोहित सुरी की फिल्म 'एक विलेन 2' में अर्जुन कपूर संग दिखाई देंगी। साथ ही टाइगर श्रॉफ संग फिल्म 'हीरोपंती 2' में भी तारा सुतारिया नजर आएंगी। ऑनस्क्रीन कई एक्टर्स संग तारा अब रोमांस करती नजर आने वाली हैं।

बता दें कि हाल ही में तारा सुतारिया, कपूर खानदान की एक्टिव मेंबर बनकर सामने आई हैं। वह करीना कपूर खान, रणबीर कपूर, नीतू कपूर संग कई लंच और डिनर अटेंड कर चुकी हैं।

पांचवी बार विजेता मुंबई इंडियंस को मिली

20 करोड़ की पुरस्कार राशि

दुबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली और सचिव जय शाह ने पांचवीं बार आईपीएल खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार को 20 करोड़ रुपये की विजेता पुरस्कार राशि प्रदान की। मुंबई ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार खिताब जीता। गांगुली ने मुंबई के कप्तान रोहित को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। पहली बार फाइनल में पहुंचकर उपविजेता रही दिल्ली की टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर को 12.50 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। फाइनल के बाद व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किये गए।

फाइनल का मैन ऑफ द मैच -ट्रेंट बोल्ट

उभरता खिलाड़ी -देवदत्त पडिकल
फेयरप्ले अवार्ड-मुंबई इंडियंस
गेमचेंजर ऑफ द सीजन- लोकेश राहुल
सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन- कीरोन पोलार्ड
सर्वाधिक छक्के- ईशान किशन
पावर प्लेयर ऑफ द सीजन- ट्रेंट बोल्ट
पर्पल कैप- कैगिसो रबादा
ऑरेंज कैप- लोकेश राहुल
सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी- जोफ्रा आर्चर

गांगुली ने खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए बुधवार को कहा कि लीग के दौरान जैव सुरक्षित माहौल में रहना मानसिक रूप से कठिन था। गांगुली ने ट्वीट किया, 'बीसीसीआई और तमाम पदाधिकारियों के साथ मैं निजी तौर पर आईपीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बायो बबल में रहकर इस टूर्नमेंट को सफल बनाया। यह मानसिक रूप से कठिन था और आपकी प्रतिबद्धता ने ही भारतीय क्रिकेट को यहां तक पहुंचाया।

अगले वर्ष ट्रॉफी जीतने की पूरी कोशिश करेंगे

दुबई (वार्ता)। मुंबई इंडियंस से आईपीएल के खिताबी मुकाबले में पांच विकेट से पराजित होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि उनकी टीम अगले वर्ष ट्रॉफी जीतने की पूरी कोशिश करेंगी। दिल्ली ने मंगलवार को आईपीएल-13 के खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में सात विकेट पर 156 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन यह स्कोर मुंबई को हराने के लिए काफी नहीं था। मुंबई ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया और पहली बार फाइनल खेल रही दिल्ली का आईपीएल का नया चैंपियन बनने का सपना टूट गया। श्रेयस ने मैच हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की तारीफकरते हुये कहा, रिकी ने जिस तरह से हमें अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता दी वह

अभूतपूर्व है। उन्होंने जिस तरह से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है वह अद्भुत है। टीम के साथ उनकी बैठकें और प्रेरक भाषण असाधारण थे। उन्होंने कहा, आईपीएल हमेशा आपको आश्चर्यचकित कर देता है। यह सबसे कठिन लीग में से एक है। मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मुझे मेरे खिलाड़ियों पर गर्व है। जिस तरह से उन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए खेला है वह आसान नहीं है। हम आईपीएल जीत जाते तो बेहतर होता। हम अगले वर्ष ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

वंदना बजाज में पल्सर और प्लेटिना की धूम

■ पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक बिक्री वद्धि

रायपुर (नव प्रदेश)। वन्दना बजाज (टू व्हीलर शोरूम) में धनतेरस व दीपावली के त्यौहार को देखते हुए हमारे यहां पल्सर .125 एवं प्लेटिना 110 सभी वैरियटंस एवं कलर वंदना बजाज शोरूम पें उपलब्ध हैं। टू व्हीलर ऑटोमोंबाइल इण्डस्ट्रीज के अन्दर सबसें किफायती एवं न्यूनतम मेनटेनेंश वाली बजाज बाईक सिटी 100 किक स्टार्ट की प्रत्येक बुकिंग एवं खरीदी पर निश्चित उपहार दिया जा रहा हैं। जिसमें ग्राहकों का अच्छा प्रतिक्रिया मिल रहा है। 70 वर्षो के विश्वास के साथ बजाज ऑटों लिमिटेड की सभी मॉडल एवं कलर पे 6.99: के ब्याज दर पर बजाज फायनेंस द्वारा स्कीम उपलब्ध है, एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध एवं एक्सचेंज कराने पर सभी मॉडल पें एक्सचेंज बोनस की सुविधा उपलब्ध है। इस प्रेस विज्ञप्ति में बजाज ऑटों लिमिटेड टू व्हीलर सें संबंधित वंदना बजाज के जनरल मैनेजर सुमीत चावडा ने जानकारी से अवगत कराया। अधिक जानकारी के लिए शों रूम वंदना बजाज, रामकुण्ड, जी. ई. रोड, रायपुर में संपर्क करे।

एचडीएफसी बैंक ने किया स्मार्टहब मर्चेंट सॉल्यूशंस 3.0 का उद्घाटन

3 वर्षों में 20 मिलियन व्यापारियों और स्व-नियोजित पेशेवरों को टार्गेट करने के लिए

मुंबई। एच.डी.एफ़सी. बैंक ने आज व्यापारियों के लिए भारत के पहले संपूर्ण बैंकिंग एवं भुगतान समाधान स्मार्टहब मर्चेंट सॉल्यूशंस 3.0 के उद्घाटन की घोषणा की। यह अपनी तरह का पहला समाधान है जो व्यापारियों और स्व-नियोजित पेशेवरों को तुरंत एक चालू खाता (करंट अकाउंट) खोलने और इन-स्टोर, ऑनलाइन, और सफ़र करते समय भी भुगतान हासिल करने की आज़ादी देता है।

यह संपूर्ण मर्चेंट सॉल्यूशन बैंक को अगले 3 वर्षों में भारत के महानगरों, अर्धशहरी औरग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 20 लाख से अधिक छोटे और मध्यमवर्ग के व्यापारियों और डॉक्टरों, फर्मेसियों, सैलूनों और लौंड्री सर्विसेज़ जैसे पेशेवरों तक पहुँचने में सहायता करेगा।

इस मर्चेंट सॉल्यूशन को मुंबई में आयोजित की गई एक वर्चुअल इवेंट में श्री पराग राव, कंट्री हेड- पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, मार्केटिंग और डिजिटल बैंकिंग, एच.डी.एफ़सी. बैंक और श्री टी.आर. रामाचरण, ग्रुप कंट्री मेनेजर, इंडिया और साउथ एशिया, वीज़ा द्वारा लॉन्च किया गया। व्यापारियों के लिए स्मार्टहब 3.0 सॉल्यूशन ऐप आधारित, वेब आधारित और पी.ओ.एस डिवाइसों की एक रेंज जैसे कई रूपों में उपलब्ध होगा।यह संपूर्ण समाधान उनके बिज़नस में एक नई जान डालेगा।मिसाल के तौर पर यह खाते को डिजिटाइज़ करने, कलेक्शन रिमाइंडरों को चलाने, इन्वेंटरी प्रबंधन, बिलिंग सॉफ्टवेयर और व्यापारियों की बैंकिंग हिस्टरी के आधार पर उन्हें उधार देने जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाता है। छोटे और मध्यम बिज़नस हमारी अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं।

बलदेव फर्नीचर में डिस्काउंट व विशेष उपहार का उत्साहवर्धन प्रतिसार

रायपुर। इस दीवाली में बलदेव फर्नीचर द्वार ग्राहकों के लिए डिस्काउंट व विशेष उपहार का अच्छा प्रतिसार मिल रहा है संचालक जसविंदर सिंह ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के स्टील फर्नीचर, मोल्डेड फर्नीचर, होम फर्नीचर, कंप्यूटर फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचर,बैडरूम सेट,सोफे सेट,डाइनिंग सेट,रैक लाइनर आउटडोर फर्नीचर,शो केश सोफे कम बेड,लॉबी सेट,सेंटर टेबल उपलब्ध है। हमारे यहाँ क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों जैसे -गोदरेज के सेफ (लॉकर)फर्नीचर, नीलकमल के फर्नीचर,नीलकमल के गद्दे,पूजा आदि के फर्नीचर भी रखे जाते हैं। समय के साथ-साथ, नए-नए डिज़ाइन लोगो की रुचि अनुसार उपलब्ध कराए जाते हैं। गुणवत्ता व सर्विस का विशेष ध्यान रखा जाता है। हमारी संस्था 38 वर्षो से ग्राहकों से जुड़ी है।

रोहित को मिले भारतीय टी 20 टीम की कमान : गंभीर

नई दिल्ली ए.। क्रिकेटर से राजनेता बने गौतम गंभीर और इंग्लैंड के माइकल वॉन ने रोहित शर्मा को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाए जाने का समर्थन किया है. पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गंभीर ने तो यहां तक कहा कि अगर इस स्टार बल्लेबाज को यह भूमिका नहीं सौंपी गई तो यह 'शर्मनाक' होगा. रोहित की अगुवाई में मुंबई इंडियंस ने पांचवां इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता. उन्होंने फाइनल में अर्धशतक जड़ने के अलावा अपनी चतुराई भरी कप्तानी से भी काफी प्रभावित किया. वह फिलहाल सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान हैं.

गंभीर ने कहा, 'अगर रोहित शर्मा भारतीय कप्तान नहीं बनते तो यह उनका नुकसान है, रोहित का नहीं'. उन्होंने कहा, 'हां, कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं लेकिन कप्तान को परखने का पैमाना क्या है कि कौन अच्छा है और कौन नहीं? पैमाना और मापदंड समान होने चाहिए. रोहित की अगुआई में उनकी टीम (मुंबई इंडियन्स) ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं'.

गंभीर ने कहा, 'हम कहते रहते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान हैं. क्यों? क्योंकि उनकी अगुवाई वाली टीम ने दो विश्व कप और तीन आईपीएल खिताब जीते हैं'. उन्होंने कहा, 'रोहित ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं, वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल कप्तान हैं. भविष्य में अगर उसे भारत की सीमित ओवरों या टी20 टीम की कप्तानी नहीं मिलती तो यह शर्मनाक होगा'. गंभीर ने कहा, 'क्योंकि वह इससे अधिक कुछ नहीं कर सकता. वह सिर्फ उन टीमों को जीत दिलाने में मदद कर सकता है जिनकी वह कप्तानी कर रहा है. इसलिए अगर वह सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत का नियमित कप्तान नहीं बनता है तो यह उनका (भारत का) नुकसान होगा'.

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के आईपीएल खिताब जीतने के नाकाम रहने के लिए विराट कोहली को जवाबदेह बनाने की मांग कर चुके गंभीर ने कहा कि उनके कहने का मतलब यह नहीं था कि कोहली की कप्तानी 'खराब' है लेकिन उन्होंने बस सुझाव दिया था कि कप्तानी बांटने का मॉडल समय की जरूरत है.

गंभीर ने कहा, 'वह कप्तानी बांटने पर विचार कर सकते हैं. कोई भी बुरा नहीं है. रोहित ने सीमित ओवरों के प्रारूप में दिखाया है कि उसकी और विराट की कप्तानी में कितना बड़ा अंतर है. एक खिलाड़ी की अगुआई में उसकी टीम ने पांच खिताब जीते, दूसरे ने अब तक नहीं जीता'. उन्होंने कहा, 'मैं यह इसलिए नहीं कह रहा क्योंकि कोहली बुरा कप्तान है लेकिन उसे भी वहीं मंच मिला है तो रोहित को मिला है, इसलिए आपको दोनों को समान पैमाने पर मापना होगा'. टी20 प्रारूप में नेतृत्व के लिए रोहित का समर्थन करते हुए कहा वॉन ने ट्विटर पर लिखा, 'निःसंदेह रोहित को भारतीय टी20 कप्तान होना चाहिए. शानदार मानव प्रबंधन और नेतृत्वकर्ता और उसे पता है कि टी20 मैच कैसे जीते जाते हैं, इससे विराट को भी सहज होने का मौका मिलेगा, दुनिया भर की टीमों के लिए यह चीज सफल रही है'.

अगले साल से इन कंपनियों के लिए अनिवार्य होगा जीएसटी ई-बिल

पहले यह लिमिट 500 करोड़ रुपये थी, जीएसटी काउंसिल ने की थी सिफारिश

नई दिल्ली ए.। अगले साल से उन फर्मों के लिए जीएसटी ई-इनवॉइसिंग अनिवार्य होगा जिनका टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से अधिक है। पहले यह लिमिट 500 करोड़ रुपये थी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (छ्क्क्ष्ट) ने मंगलवार को इस बारे में अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि जीएसटी काउंसिल की सिफारिश पर यह बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था 1 जनवरी, 2021 से लागू होगी।

इस बदलाव से बड़ी संख्या में मझोली कंपनियां ई-इनवॉइसिंग के दायरे में आ जाएंगी। माना जा रहा है कि 1 अप्रैल 2021 से इसे सभी टैक्सपेयर्स के लिए इसे बी2बी ट्रांजेक्शन के वास्ते अनिवार्य बना दिया जाएगा। केएमपीजी इंडिया में पार्टनर (इनडायरेक्ट टैक्सेज) हरप्रीत सिंह ने कहा कि 100 करोड़ से 500 करोड़ रुपये तक टर्नओवर वाले डीलरों को ई-इनवॉइसिंग के दायरे में लाना इकॉनमी के फॉर्मेलाइजेशन की दिशा में एक और कदम है।

1 अक्टूबर से लागू हुई थी व्यवस्था

इसके क्रियान्वयन में शुरुआत में कुछ परेशानी हो सकती है लेकिन लॉन्ग टर्म में इससे ज्यादा पारदर्शिता आएगी, कर व्यवस्था बेहतर होगी और कर अनुपालन तथा फाइलिंग में ऑटोमेशन होगा। बिजनस टु बिजनस ट्रांजैक्शन में ई-इनवॉइसिंग की व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू की गई थी। 500 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए इसे अनिवार्य बनाया गया था।

ट्रेनिंग के बिना ही पार्क परिक्षेत्रों में पोस्टिंग.. ...,साहब कैसे हो पाएगी वन्य प्राणियों की सुरक्षा

बैकुंठपुर। जिले का एक मात्र गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान जिसमें बाघ,तेन्दुआ,गौर, चिंकारा,कोडरी, सांभर, भेडिया, उदबिलाव, चीतल, नीलगाय, जंगली सुअर, भालू, लंगूर, सेही, माउस डिवर,छिंद, भालू, चिरक माल खरगोश, बंदर, सिवेट, हायना, जंगली कुत्ता, सियार, लोमडी, आदि जानवरों के अलावा मुर्गे, मोर, धनेश, महोख, ट्रीपाई, बाज, चील, डीयर, हुदहुद, किंगफिसर, बसंतगौरी, नाइटजार, उल्लू, तोता, बीइटर , बगुला, मैना, आदि पक्षी पाये जाते है।इन सभी वन्य प्राणियों के सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के कंधे पर होता है।ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिन अधिकारियों की पोस्टिंग इन दिनों पार्क क्षेत्रों में किया जा रहा है क्या वे परीक्षण प्राप्त है,तो इसका जवाब यही है कि ज्यादातर अधिकारी वन्य जीव के देखरेख व उनके सुरक्षा सबंधी प्रशिक्षण नही किये है फिर भी शासन द्वारा ऐसे अधिकारियों की पोस्टिंग इस सवेंदनशील स्थान किया जा रहा है।

आपको बता दे कि पार्क क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को वन्य प्राणियों के रहवास की जानकारी उनके सुरक्षा के साथ उनसे होने वाले आम नागरिकों को खतरे से बचाने के जिम्मेदारी वहां

पदस्थ अधिकारियों के जिम्मे होता है,इसके लिए समय समय पर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है।पार्क के जानकार सूत्र बताते है कि इन दिनों पार्क परिक्षेत्र में जिन नए अधिकारियों की पदस्थापना शासन द्वारा किया जा रहा उन्हें ऐसे किसी विषय की जानकारी है ही नही फिर भी उनके कंधे पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी लाद दिया जा रहा है।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की बात हो रही है तो यहां बाघों के लिए उपर्युक्त स्थान माना गया है आने वाले समय इसे टाइगर रिजर्व के रुप मे विकसित किया जाएगा,यही नही इस नेशनल पार्क में अभी हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से नामीबिया चीता लाने की कवायद जारी है ऐसे में उनकी सुरक्षा बिना प्रशिक्षित अधिकारियों के भरोसे कैसे हो पायेगा यह आप भलीभांति समझ सकते हैं।पार्क परिक्षेत्र में ज्यादातर अधिकारी सिर्फ निर्माण कार्य पर ही ज्यादा फोकस करते है वन्य प्राणियों के सुरक्षा कैसे किया जाना है इस सबन्ध में उन्हें बहुत जानकारी नही है।गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत पार्क परिक्षेत्र में किसी भी अधिकारी की नियुक्ति के पूर्व उन्हें प्रशिक्षण देना शासन को अनिवार्य करना चाहिए ताकि वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर भविष्य में कोई चूक न हो।

मांइन्स में लगी वाहन से उड़ रहा धूल आमजनों को हो रही परेशानी, शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

काँकेर/अंतागढ़। शिवसेना अंतागढ इकाई द्वारा एसडीएम अंतागढ को ज्ञापन सौंपकर अंतागढ क्षेत्र में आम जनता को लौह अयस्क खदान की भारी वाहनों चलने से होने वाली धूल की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया गया। विदित हो कि अंतागढ शहर से लौह अयस्क खदान से निकलने वाली गाड़ियां होकर गुजरती है जिससे अंतागढ क्षेत्र में दिनभर शहर के अंदर धूल की आंधियां चलती रहती है जिसके कारण अंतागढ क्षेत्र के लोग सांस की दिक्कत के कारण परेशान हो रहे हैं एवं आने वाले समय में अंतागढ क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण से होने वाले विभिन्न बीमारियों का खतरा रहेगा। एवं इसी तरह कोदा गांव से कू हचे अंतागढ तक जो प्रधानमंत्री सड़क है वह अभी तक आधा बनी हुई है जिसके बारे में भी शिवसेना द्वारा एसडीएम अंतागढ को ज्ञापन सौंपा गया था किंतु ऐसा लगता है कि अंतागढ प्रशासन को स्थानीय जन समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है शिवसेना मांग करती है कि अंतागढ शहर में धूल से होने वाली समस्या से निपटने हेतु बायपास मार्ग का निर्माण किया जाए एवं तत्कालीन में शहर के अंदर धूल रोकने हेतु नियमित पानी का छिड़काव किया जाए एवं कोदा गांव सेअंतागढ तक जो प्रधानमंत्री सड़क अधूरा है उसे तत्काल पूर्ण किया जावे ।

पक्का आवास बनने से समाज में बढ़ी मान और प्रतिष्ठा

- **शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर जीवन स्तर में लाया बदलाव**

बीजापुर - नवप्रदेश। वो कहते हैं ना जहां चाह वहां राह। यह कहावत हमें याद आयी जब हम ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के यालम शंकर से मिले। आदिवासी बाहुल्य एक छोटे से गांव में पक्की छत के नीचे हंसता खिलखिलाता परिवार। यह परिवार अपने दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर गांव में काफी खुशी से रहता है। हम बात कर रहे हैं बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत अंगमपल्ली निवासी यालम शंकर की।

यालम शंकर बताते हैं कि यह परिस्थिति पहले ऐसी नहीं थी। बांस-लकड़ी के सहारे बने खपरैल वाले झोपड़ी में पत्नी और दो पुत्र और बहू सहित गुजर-बसर कर रहे थे। दिन तो कट जाता पर बरसात के दिनों में रात डरावनी लगती थी। छप्पर से टपकता पानी रात को जागने पर विवश कर देती थी तथा जैसे-तैसे दिन गुजर रहे थे। मैने अपने परिस्थितियों के कारण अपने रिश्तेदारों के यहां आना-जाना छोड़ दिया था। क्योंकि मेरे घर यदि कोई मेहमान आता है तो मुझे चिंता बनी रहती थी कि को ठहराने की व्यवस्था कैसे करूंगा। यह स्थिति परिवार व समाज में मेरी छवि को खराब कर रहा था। मेरे पास कोई उम्मीद नहीं थी और में अक्सर सोचा करता था आवास का सपना कैसे पूरा करू क्योंकि जीवन की मूलभूत अवश्यकताओं रोटी, कपड़ा को पूर्ण करने में वक्त गुजर जाता है ऐसे में अपना स्वयं का मकान कहां से पूर्ण करूं। एक गरीब व्यक्ति का मकान बनाने का सपना, सपना ही रह जाता है। फिर एक दिन मुझे ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि मेरा नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अंकित है और ग्राम सचिव के द्वारा मुझे पंजीयन हेतु दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगाा जॉब कार्ड, खाता नंबर आदि जमा करने को कहा गया, जिससे मेरे द्वारा सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर जमा कर दिया गया। इसके पश्चात मेरे खाते में आवास निर्माण प्रारंभ करने के लिए राशि की प्रथम किश्त जारी की गई एवं आवास का निर्माण प्रारंभ हो गया आवास निर्माण के साथ ही किश्त की बाकी राशि भी मेरे खाते में आ गई आज मेरा आवास पूर्ण हो चुका है। यालम शंकर का कहना है कि शासन की एक महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के द्वारा गरीब व्यक्तियों का आवास निर्माण हेतु सहायता उपलब्ध कराना मानो एक वरदान है। शासन हम गरीबों के लिए योजना बना रही है।

Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)
E-Procurement Tender Notice

NIT No.555,556, 557, 558, 559 & 560/TC-T/CGRRDA/2020 Dated 11/11/2020

Chief Engineer (Tender Cell), CGRRDA, Raipur on **Governor of Chhattisgarh** invites package wise bids in electronic tendering system for Construction & Maintenance of Roads Under PMGSY-III Batch-1, 2020-21), Long Spen Bridges Under PMGSY-III (Batch-1, 2020-21), PMGSY Balance work & PMGSY year 2016-17, 2018-19 sanctioned for different districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms tegistered with **unified registration system (e-registration)** for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

S. No	NIT No	Work Name	Amount (Rs.in Lakhs	Districts	Rate invited
01	555	Construction & maintenance of roads Under PMGSY-III (Batch-1,2020-21)	Total Cost (including 5 year Maint. Cost) Rs 2525.49 Lakhs (including GST)	Balrampur Dantewada, Bijapur	percentage Rate SOR 2020.02.2018 issued by CE,CGRRDA Raipur
02	556	Construction & maintenance of Long span Bridges Under PMGSY-III (Batch-1, 2020-21)	Total Cost (including 5 year maint. Cost) Rs.2024.77 Lakhs (including GST)	Balod, Rajnandgaon Jashpur	PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 01.09.2018
03	557	Construction & maintenance of Long span Bridges Under PMGSY Balance work	Total Cost (including 5 year maint. Cost) Rs 637.62 Lakhs	Balrampur	PWD Bridge enforeed from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSR SOR 01.09.2014
04	558	Construction & maintenance of tards Under PMGSY Balance work	Total Cost (including 5 year maint. Cost) Rs. 1235.02 Lakhs	Bater,Bijapur Sukma dantewada	percentage Rate SOR 01.09.2014 & 04.02.2016 issued by CE, CGRRDA Raipur
05	559	Construction & maintenance of roads Under PMGSY Deposir work	Total Cost (including 5 year maint. Cost) Rs.206.16 Lakhs (including GST)	Raigarh	percentage Rate SOR 22.02.2016 issued by CE, CGRRDA Raipur
06	560	Construction & maintenance of roads Under PMGSY year 2018-19	Total Cost (including 5 year maint. Cost) Rs. 4073.11 Lakhs (including GST)	Dantewada, Sukma, Bijapur & Kanker	percentage Rate SOR 22.02.2018 issued CE, CGRRDA Raipur

Avilability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is requred to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT ans other deatils can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 12.11.2020 from 5.00 PM.In future any related corrigendum would be seen in the notice section of ths website.

S.-26968/1

Chief Engineer (Tender Cell)
Chhattisgarh Rural Development Agency
Civil Lines, Raipur
E-mail : pmgsyrc4@yahoo.co.in

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राजधानी में थियेटर...

50 प्रतिशत व्यक्तियों को बैठने की अनुमति दी गई है। दर्शकों के बीच कम से कम 6 फीट का अंतर भी सुनिश्चित करना होगा।

सीएम का प्रदेश को...

अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक मोहन मरकाम समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नवीन तहसीलों के गठन की अधिसूचना के आज 11 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ ही ये तहसीलें प्रभावशील हो गई हैं।

भवन निर्माण व वाहनों के लिए राशि का ऐलान भी किया

मुख्यमंत्री ने शुभारंभ समारोह में ही 23 नवीन और 4 पुरानी तहसीलों के लिए कार्यालय भवन निर्माण और एक-एक वाहन की मंजूरी की घोषणा भी की। 27 तहसीलों के लिए कार्यालय भवन निर्माण के लिए कुल 19 करोड़ 20 लाख रुपए और सभी तहसील कार्यालयों में एक-एक वाहन की व्यवस्था के लिए कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपए की मंजूरी की घोषणा की। प्रत्येक तहसील कार्यालय भवन का निर्माण 71.12 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इसी तरह वाहन क्रय के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए के मान से राशि स्वीकृत की गई है।

डॉ. महंत बोले...

धनेन्द्र साहू, मोहन मरकाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नई तहसीलों के शुभारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

नीतिश जी बिहार...

प्रति सही श्रद्धांजलि होगी। आप उन्हीं की विरासत से निकले राजनेता हैं वहीं आ जाइए। आपको याद दिलाना चाहूँगा जनता पार्टी संघ की डुअल मेंबरशिप के आधार पर ही टूटी थी। भाजपा/संघ को छोड़िए। देश को बर्बादी से बचाइए।

आतंक के बजाय...

होने चाहिए थे, वो उतने नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने इस व्यवस्था को बदला है और इस दिशा में निरंतर कदम उठाये जा रहे हैं।

सितम्बर की तुलना में...

4.94 लाख रह गये। वहीं 44,281 नये मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या 86.36 लाख से ज्यादा हो गयी। इस दौरान 512 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,27,571 हो गया।

13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में वृद्धि

नई दिल्ली/ (वार्ता) पिछले 24 घंटों (मंगलवार से बुधवार सुबह तक) के दौरान देश के 13 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना वायरस (कोविड-19) के सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी देखी गयी, जबकि 23 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में इसमें कमी आयी है। राजधानी दिल्ली में एक दिन में सक्रिय मामलों में जहां सबसे अधिक 1590 की वृद्धि हुई वहीं महाराष्ट्र में 3037 की कमी आयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देशभर में 44,281 नये मामले सामने आये और इससे प्रभावित होने वाले मरीजों की संख्या 86.36 लाख से अधिक हो गयी। वहीं 512 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,27,571 तक पहुंच गया। अब तक 80.13 लाख लोग इससे ठीक हुए हैं। देश में इस समय कोरोना के 4,94,657 सक्रिय मामले हैं।

000

विश्व में 65 फीसदी लोग कोरोना मुक्त हुए

वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली। (वार्ता) वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से दुनिया भर में 65.18 फीसदी लोग मुक्त हुए है।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 5.13 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 3.35 करोड़ लोग इस वायरस से मुक्त हुए हैं, जबकि 12,70,171 लोग जान गंवा चुके है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका में जहां इस महामारी से प्रभावित होने के मामले में पहले स्थान पर है वहां कोरोना मुक्त के मामले में तीसरे स्थान पर है। देश में अब तक 1,02,42,754 लोग संक्रमित हुए हैं और 39,61,873 लोग कोरोना मुक्त हुए है तथा 2,39,618 मरीजों की जान चली गई है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.-5, Dangania, RAIPUR

No./04-01/Trans./Works/ 2139 Raipur, dtd: 10.11.2020

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP) from eligible contractors/firms registered in CSPTCL, on Item Rate and on percentage rate above/below/at par of CG PWD SOR for Building Works, Road Works, Bridge Works (w.e.f. 01.01.2015) and Electrical & Mechanical work (01.07.2015) and base rate for Non-SOR items. The unregistered contractors/firms having similar work experience in Central/State Government/Autonomous Bodies/Public Undertaking shall also be considered on submission of experience certificate

1. **Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/20-21/73; **Rfx No.**- 8100019264:- Raising of existing boundary wall height from 2.4M to 3.3 M height with concertina coil at 132 switchyard of old 100 MW power plant Korba (East). **NIT Value** :- Rs. 5.63 Lakhs & **EMD:-** Rs. 6000/-. Completion Period :- 02 Months. **2. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/20-21/74; **Rfx No.**- 8100019265:- Civil work for construction of 02 Nos. addl feeder bays for Abhanpur feeder & Mana Camp feeder -II at 132 KV S/s. Mana. **NIT Value** :- Rs. 13.18 Lakhs & **EMD:-** Rs. 13200/-. Completion Period :- 02 Months. **3. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/20-21/75; **Rfx No.**- 8100019266:- Construction of 02 Nos. addl. 33KV feeder bays for Baloda-Bazar Town-II & Sakri feeders at 132 / 33 KV S/s. Baloda Bazar. **NIT Value** :- Rs. 7.93 Lakhs & **EMD:-** Rs. 8000/-. Completion Period :- 02 Months. **4. Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/20-21/76; **Rfx No.**- 8100019267:- Construction of chain link mesh fencing, main gate & stack platform for O/o A.E. (EHT/Maint.) sub Division 220/132 KV S/s. Gurur. **NIT Value** :- Rs. 9.86 Lakhs & **EMD:-** Rs. 9900/-. Completion Period :- 02 Months. **5. Tender Spn. No.** 04-01/C-TRANS/W/20-21/77; **Rfx No.** 8100019268:- Repair & maintenance work in the O/o C.E. (H.R.) CSPGCL, Danganiya. **NIT Value** :- Rs. 5.38 Lakhs & **EMD:-** Rs. 5400/-. Completion Period :- 02 Months. **6. Tender Spn. No.** 04-01/C-TRANS/W/20-21/78; **Rfx No.** 8100019270:- Construction of 01 No. 33 KV feeder bay for 3 MVA load at Kanchanpur residential colony for M/s. NTPC at 132 KV S/s. Gharghoda. **NIT Value** :- Rs. 6.19 Lakhs & **EMD:-** Rs. 6200/-. Completion Period :- 02 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No. 01 to 06** is **Rs. 590/-** per tender document (i/c GST). Last date & time for submission and opening of bids for Sl. No.- 1 dt. **24.11.2020** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.), Sl. No.-2 & 3, dt. **01.12.2020** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.), Sl. No.- 4 & 5, dt. **02.12.2020** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.) and Sl. No.- 7, dt. **04.12.2020** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.) respectively. The tender document can be viewed and download online from our e-tendering portal.

S.-26971/1 (R.K. Shrivastava)

//Save Electricity// Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur

दीपावली में हरित फटाखों का ही उपयोग करें : चन्दन कुमार

कांकेर। दीपावली के त्यौहार में हरित फटाखों का ही उपयोग करने की अपील कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने जिले के नागरिकों से किया है। उन्होंने कहा कि फटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु-प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है तथा वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण कोविड-19 वायरस के घातक रूप की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने कहा कि केवल हरित फटाखें का ही विक्रय एवं उपयोग किया जावें। उन्होने बताया कि राज्य शासन द्वारा दीपावली त्यौहार के अवसर पर फटाखों को फोड़ने की अवधि भी दो घण्टे निर्धारित की गई है। शासन द्वारा दीपावली पर रात्रि 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही हरित फटाखें फोड़े जाने की अनुमति दी गई हैं। फटाखों के उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हांने कहा कि कम प्रदुषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित फटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी तथा केवल उन्ही फटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेंगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित साजा
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

क्र. 37-42/सामान्य/विज्ञा./3124 साजा, दिनांक 11.11.2020

विद्युत कंपनी की ओर से सम्मननीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व पर विद्युत की शिकायत को दूर करने के हेतु दिनांक 12.11.2020 तक सायं 04.00 बजे तक साजा संभाग के विभिन्न स्थलों पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से निरंतर बनाए रखने तथा ब्रेक डाऊन होने पर अतिशीघ्र सुधार कार्य करने के उद्देश्य से निम्नलिखित अधिकारियों/ कर्मचारियों की निम्नानुसार ड्यूटी लगाई जाती है। छ.रा.वि.वि.कं. सम्माननीय उपभोक्ताओं से निवेदन करता है कि विद्युत खम्भों एवं ट्रांसफार्मर के आजू-बाजू या आस-पास और विद्युत तारों के नीचे पटाखें न जलावें ताकि अप्रिय घटना न घटे।

क्र.	स्थान का नाम	वाहन क्र./ वाहन चालक	प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम एवं पद	मोबाईल क्रमांक	संबंधित क्षेत्र/ ग्राम
1	संभागीय कार्यालय साजा	CG-07-BX-4222 श्री मिथलेश साहू	श्री रवि रंजन कुमार, सहायक अभियंता (कार्यालय)	7000620192	संभाग अंतर्गत समस्त क्षेत्र
2	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र साजा	CG-25-D-5756 श्री महेश शर्मा	श्री रवि रंजन कुमार सहायक यंत्री साजा तेजराम निर्मलकर, लाईन मेन श्री रामायण वर्मा, लाईन मेन	7000620192 9171879440	साजा उपसंभाग क्षेत्र
3	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोहगांव		श्री शिवराज देवांगन कनिष्ठ यंत्री साजा श्री विजय साहू लाईन मेन श्री मनोहर साहू लाईन मेन	9171879442 9171879613 9171879614	साजा वि.के. के समस्त ग्राम
4	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ठेलका	CG-25-B-7926 श्री लीलाधर शर्मा			
5	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोमईकला				
6	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र थानखम्हरिया	CG-07-B-9269 श्री बालकृष्ण तिवारी	श्री शिवराज देवांगन कनिष्ठ यंत्री साजा श्री गाडाराम कुंजाम लाईन मेन राजेश वर्मा लाईन मेन	9171879438 9171879622 7974382820	थानखम्हरिया वि.के. के समस्त ग्राम
7	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हाटारांका				
8	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवकर	CG-08-AC-1806 pickup श्री योगेश साहू	श्री रूपेश कुमार जोशी कनिष्ठ अभियंता श्री मनोज कुमार पटेल परिचारक श्रेणी - 2 श्री राजू वर्मा परिचारक श्रेणी - 3 श्री पूरन वर्मा परिचालक श्रेणी -3	9171879436 9340358128 9131580793 9171879640	देवकर वि.के. के समस्त ग्राम
9	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परपोड़ी	CG-07-BQ 1543 PICKUP मोहित कुमार यादव	श्री मिलेश कुमार साहू (कनिष्ठ यंत्री) श्री आनंद सिन्हा लाईनमेन, श्री गोविंद कुमार साहू परिचारक श्रेणी-3 (लाईन), श्री रवि कुमार परिचारक श्रेणी-3 (लाईन) श्री द्वारिका निर्मलकर परिचारक श्रेणी-2 (लाईन), श्री कन्हैया सिन्हा सहा. लाईनमेन	9171879436 9171879637 9589222300 9755090952 9691490750 9111394578	परपोड़ी वि.के. के समस्त ग्राम
10	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बोरतरा				
11	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवरबीजा	CG-25-E-7002 PICKUP डोमार यादव- 6264447841	श्री शिवराज देवांगन (कनिष्ठ यंत्री) श्री चन्द्रशेखर ठाकुर परिचारक श्रेणी- 2 (लाईन) श्री खिलेश्वर साहू परिचारक श्रेणी- 3 (लाईन) श्री सुरेश बघेल लाईन परि. श्रेणी -दो श्री पोषण पटेल, परिचारक श्रेणी-1 (लाईन)	8982373988 9171979632 9617423863 9171879633 9171879629	वितरण केन्द्र देवरबीजा के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम
12	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोदवा				
13	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खैरझिटीकला				
14	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेवनारा	CG-25-H-5729 PICKUP श्री योगेश सिन्हा	श्री बलराम गोढ़ सहायक लाईनमैन	8085593748	
15	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पिरदा		श्री विशाल विक्रय सिंह कनिष्ठ यंत्री भिंभौरी श्री सतानंद सिन्हा सहायक लाईनमैन श्री सोमनाथ यादव लाईन परिचालक-2	9171879435 9171879644 7000441442	भिंभौरी वि.के. के ग्राम
16	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गोंडगिरी				
17	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेरला	CG-05-AE-6823 वाहन चालक कोमल टण्डन	श्री दीक्षांत चुरेन्द्र सहायक यंत्री, बेरला श्री पांडुराम कुंजाम लाईन इंस्पेक्टर	7587436966 9575652436	उपकेंद्र बेरला अंतर्गत समस्त 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र एवं समस्त 33 के.व्ही. लाईन
18	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोंढ़	CG 05 E-6239 PICKUP तोरण साहू	श्री प्रकाश राम रामटेके कनिष्ठ यंत्री बेरला श्री जीवन परगनिहा सहायक लाइनमैन	7240844277 7898320698	बेरला वि.के. के ग्राम
19	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलघट				
20	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सरदा	CG-25 E-1406 PICKUP वाहन चालक तारकेश्वर सिन्हा	श्री प्रकाश साहू, कनिष्ठ अभियंता, सरदा श्री कामदेव साहू लाईनमैन श्री नंदकुमार साहू सहायक लाईनमैन श्री बी. कामेश्वर राव लाईन परिचारक-2	8817740300 9171882912 9171882898 9179520851	सरदा वि.के. के ग्राम
21	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बारगांव				
22	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आनंदगांव				

उपरोक्तानुसार सभी सहायक यंत्री/ कनिष्ठ यंत्री विद्युत व्यवस्था के लिए सतत निगरानी रखेंगे तथा दीपावली पर्व पर सभी तकनीकी कर्मचारियों की ड्यूटी पदानुसार महत्वपूर्ण जगहों पर दिया जाएं, साथ ही यह सुनिश्चित करें की वाहन एवं कर्मचारी उल्लेखित समय के पूर्व सुरक्षा सामग्री व सुधार सामग्री सहित गंतव्य स्थान पर उपस्थित हो जाएं। विद्युत व्यवस्था में गड़बड़ी होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के दूरभाष क्रमांक 9425209014, 7354984132 पर सम्पर्क करें।

इंडी. डी.के. सैनी (88438062)
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.रा.वि.वित. कं. मर्या. साजा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

विधायक कमरो एवं कलेक्टर ने नवीन तहसील केल्हारी का किया शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

मनेंद्रगढ़। भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो व कलेक्टर कोरिया एस. एन. राठौर ने दीपावली पर्व से पहले बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर लाल फीता काटकर नवीन तहसील केल्हारी का शुभारंभ किया है! केल्हारी को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलने पर केल्हारी क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं ! नवीन तहसील केल्हारी में 74 गांव शामिल किए गए हैं ! मंच से क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो ने केल्हारी को तहसील का दर्जा दिए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत व राजस्व मंत्री जयसिहं अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है! नवीन तहसील केल्हारी के शुभारम्भ अवसर पर कोरोना योद्धाओं को शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं 20 किसानों को बीवन खसरा व नक्शा प्रदान किया गया ! साथ ही श्रम विभाग द्वारा निशुल्क राज मिस्त्रीयों को किट का वितरण किया गया! इसअवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती उषा सिंह, जनपद अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश साहू, मनेंद्रगढ़ नपाउपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर, तहसीलदार उत्तम रजक, एसडीओ (वन) के.एस खुटिया, थाना प्रभारी जनक राम कुर्रे, नायब तहसीलदार राम मिलन शर्मा, विप्लव श्रीवास्तव, सीईओ ए. के. निगम, जनपद सदस्य मकसूद आलम , लक्ष्मी सिंह, अनिता सिंह, रोशन सिंह, विधायक प्रतिनिधि (जिला पंचायत) शैलजा सिंह, जिला महामंत्री रामनरेश पटेल, सांसद प्रतिनिधि विष्णु दास,महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुचित्रा दास, व्यापर प्रकोष्ठ अध्यक्ष मजहर अली,इमरान शेख,अमर सिंह श्याम,अमोल सिंह मरावी,आनन्द राय, सुनील राय, संदीप द्विवेदी,उपेंद्र द्विवेदी,वीरभान सिंह, नगीना साहू, विवेक चतुर्वेदी,विमल हितकर,प्रदीप साहू, वीरेंद्र साहू,शम्भू शर्मा,प्रमोद आइन्द, सरपंचगण सर्वश्री लल्लू सिंह,अमरसाय, जीवन्ति,नारायण सिंह,बाबूराम,खुनना,रजनी सिंह,कुँवर सिंह सहित कांग्रेसजन, ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे!

उल्लेखनीय है कि केल्हारी क्षेत्रवासियों को 52 किलोमीटर की दूरी तय कर तहसील कार्यालय से संबंधित कार्य कराने के लिए मनेंद्रगढ़ आना पड़ता था जिससे केल्हारी क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था ! तहसील से संबंधित कार्य कराने के लिए बार-बार मनेंद्रगढ़ जाकर तहसील का चक्कर लगाना पड़ता था जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी वही उनके घरेलू कार्य भी प्रभावित होते थे ! लंबे समय से केल्हारी क्षेत्रवासियों के द्वारा केल्हारी को तहसील बनाने की मांग की जा रही थी ! लंबे समय के इंतजार के बाद क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो के अथक प्रयास से आखिरकार प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने केल्हारी को पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान कर दिया ! केल्हारी क्षेत्र के 74 गांवों को मिलाकर नवीन तहसील का गठन कर केल्हारी को पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान कर दिया गया है ! सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो एवं कोरिया कलेक्टर एसएन राठौर ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों सहित अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर लाल फीता काटकर बुधवार को केल्हारी तहसील का शुभारंभ किया है !

ग्राम हथकेरा, तरवरपुर और नवागांव बटहा में बनेगा औद्योगिक पार्क

■ कलेक्टर श्री एल्मा ने ली समय सीमा की बैठक

मुंगेली। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध मे अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने जिले के विकास खण्ड पथरिया की ग्राम हथकेरा विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम तरवरपुर और विकास खण्ड लोरमी के ग्राम नवागांव बटहा में स्थापित होने वाले औद्योगिक पार्क के लिए भूमि का चिन्हाकन और आबंटन के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को औद्योगिक पार्क स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। धान विक्रय करने हेतु उपार्जन केंद्र पहुँचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इस हेतु उन्होने धान खरीदी केंद्रो में पहुँच मार्ग और समतलीय करण का कार्य यथा शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने राजीव गांधी जलाशय (खुड़िया बांध) के तलहटी पर बसे ग्राम खुड़िया के बारें में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि ग्राम खुड़िया को सिंचाई ग्राम के रूप में जाना जाता है। आने वाले समय में सिंचाई ग्राम खुड़िया को राजस्व ग्राम के रूप में जाना जाएगा। इस हेतु उन्होने सिंचाई ग्राम खुड़िया को राजस्व ग्राम में तब्दील करने हेतु लोरमी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने जिले में संचालित नर्सिंग होम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोचार संबंधी नियम के तहत लगातार कार्यवाही करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने संस्थागत प्रसव के प्रगति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने विगत वर्ष हुए ओला वृष्टि में फसल क्षति और इस वर्ष मानसून के दौरान अतिवृष्टि से हुए फसल हानि, जनहानि, मकान क्षति तथा पशुहानि के संबंध में स्वीकृत और वितरित प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने स्वीकृत एवं वितरित प्रकरणों के संबंध में जिला कलेक्टोरेट को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा,बारी, गोधन न्याय योजना, समर्थन मूल्य में धान खरीदी आदि योजनाओं की समीक्षा की।

मुंगेली जपं के सदस्यों की मांग स्थायी सीईओ को करें नियुक्त

■ कहा- ग्राम पंचायतों के कामों में देरी से हो रही परेशानी

मुंगेली। जनपद पंचायत मुंगेली के सदस्यों व इसके अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के सचिवों ने जपं में स्थायी सीईओ प्रदान कर जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप को रोकने की मांग की है। जपं सदस्यों व सरपंचों ने इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के कार्यों में अनावश्यक विलंब व परेशानी को दूर करने साथ ही14 वें वित्त की राशि का भुगतान कराने की मांग भी की है। ताकि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के समय सामग्री सप्लायर एवं मजदूरों को भुगतान किया जा सके। सभी का कहना है कि जनपद पंचायत मुंगेली में स्थायी सीईओ नहीं होने से ग्राम पंचायतों के कार्यों में अनावश्यक विलंब व परेशानी हो रही है। विगत 19 अक्टूबर 2020 से.प्रभारी सी.ई.ओ. द्वारा फाइलों को आगे न बढ़ाने से कार्य रूका हुआ है। दिनांक 19.10.2020 को महादेव (परियोजना अधिकारी) को मुंगेली जनपद का प्रभार दिया गया था,परन्तु आज पर्यन्त तक उनके द्वारा ज्वाइन न करने से काम-काज ठप पड़ा हुआ था। दिनांक 29.10.2020 को पथरिया जनपद सी.ई.ओ. को प्रभार दिया गया है परन्तु, जिला पंचायत के द्वारा सचिव-सरपंच के डी.एस.सी.को जनपद पंचायत मुंगेली से मंगाकर जिला पंचायत के द्वारा भुगतान किया जायेगा यह कहा जा रहा है। जिस वजह से आज पर्यन्त तक 14 वें वित्त की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में सखी वन स्टाप सेंटर के प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

मुंगेली। कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में सखी वन स्टाप सेंटर के प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा संचालित कार्यक्रमों और उपलब्धियों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होने सखी वन स्टाप सेंटर में दर्ज प्रकरणों, निराकृत, लंबित, कौंशलिंग, पुलिस सहायता, चिकित्सकीय सहायता, विधिक सहायता और दिये गये आश्रय तथा पैरालिंगल वालेंटियर के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने नवा बिहान योजना के तहत महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रावधान के अनुसार घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं के आश्रय चिकित्सकीय सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, आपसी समझौता एवं न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर सखी वन स्टाप सेंटर में बहुउद्देशीय कार्यकर्ता श्रीमति प्रीति साहू के 6 माह की मातृत्व अवकाश की स्वीकृति दी गई है।

pnb Oriental United Together for the better

मण्डल कार्यालय, प्लॉट नं. ए.48, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर, फोन : 077752 432710/729

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक, का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय पंजाब नैशनल बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	गारंटर/ऋणी का नाम/ शाखा का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति का स्वामी	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	कब्जा सूचना तिथि को बकाया राशि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1.	अनिता शर्मा पति- अरविंद शर्मा एवं अरविंद कुमार शर्मा पिता- स्व. योगेन्द्र शर्मा । पंजीकृत पता: एमआईजी 1/95, साडा कालोनी, एसवीबीपी नगर, जमनीपाली, ब्लॉक- कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.) शाखा: दरी, कोरबा (छ.ग.)	अनिता शर्मा पति- अरविंद शर्मा एवं अरविंद शर्मा पिता- स्व. योगेन्द्र कुमार शर्मा के नाम पर एमआईजी 1/95, साडा कालोनी, एसवीबीपी नगर, जमनीपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि (शामिल भवन) का ईएम । चौहद्दी: उत्तर- मकान नं. एमआईजी 1/95, दक्षिण- मकान नं. एमआईजी 1/96, पूर्व- मकान नं. एमआईजी 1/118, पश्चिम- 60 फीट चौड़ी सड़क ।	21.09.2020 / 07.11.2020 / सांकेतिक कब्जा	₹ 45,75,340.27 ब्याज एवं अन्य खर्च	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411

दिनांक : 11.11.2020 स्थान : बिलासपुर प्राधिकृत अधिकारी / पंजाब नैशनल बैंक

pnb Oriental United Together for the better

मण्डल कार्यालय, प्लॉट नं. ए.48, रिंग रोड नं. 2 गौरवपथ, बिलासपुर, फोन : 077752 432710/729

अचल सम्पत्ति हेतु ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी की तिथि दिनांक : 15.12.2020

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री

पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/अधोहस्ताक्षरी ने अपने अधिकारों को इस्तेमाल करते हुए सरफेसी अधिनियम 13 (2) 2002 नोटिस जारी किया तथा सांकेतिक कब्जा/भौतिक कब्जा में ली गई सम्पत्तियां जिस पर सरफेसी अधिनियम 13 (4) के तहत बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री "जैसा है जहाँ है" एवं "जो है जैसा है" के आधार पर किया जाना है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।

क्र. सं.	ऋणी का नाम एवं पता/ शाखा का नाम	प्रोपराइटर / गारंटर/ बंधककर्ता का नाम एवं पता	बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति का स्वामी	मांग एवं कब्जा सूचना की तिथि / मांग सूचना तिथि को बकाया राशि / कब्जा	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि	नीलामी का दिनांक एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं मो. नं.
1.	श्रीमती संतोष अग्रवाल (ऋणी) पति- मोहन कुमार अग्रवाल, बिरगहनी चौक, बिरगहनी, मकान नं. 406/05, तहसील- जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा । पिन-495671 शाखा: चैनली (ई-ओबीसी, बिरगहनी-चांपा)	श्री प्रकाश अग्रवाल (सह ऋणी) पिता- श्री मोहन कुमार अग्रवाल व श्रीमती अंजली मित्तल (सह ऋणी) पुत्री- मोहन कुमार अग्रवाल, बिरगहनी चौक, बिरगहनी, मकान नं. 406/05, तहसील- जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा । पिन-495671	श्रीमती संतोष अग्रवाल पति- श्री मोहन कुमार अग्रवाल के नाम पर खसरा नं. 135, प.ह.नं. 42, क्षेत्रफल- 3488 वर्गफिट, बिरगहनी चौक, बिरगहनी, तहसील व जिला- जांजगीर (छ.ग.) में स्थित भवन व भूमि का ईएम । चौहद्दी: पूर्व- शासकीय भूमि, पश्चिम- बाबूलाल जायसवाल की भूमि, उत्तर- शासकीय भूमि, पश्चिम- सुरक्षित भूमि ।	02.01.2020 / ₹ 2650814.00/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा	₹ 59,00,000/- / ₹ 5,90,000/- / ₹ 50,000/-	14/12/2020 शाम 4:00 बजे तक	15/12/2020 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411
2.	सुरभि बायो-फर्टिलाइजर (अपने प्रोपराइटर साधना सिंह के माध्यम से) पंजीकृत कार्यालय: ग्राम- महुदा, चाम्पा रोड, तहसील-चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) शाखा- सिवनी-चाम्पा (छ.ग.)	श्रीमती साधना सिंह (प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता सुरभि बायो-फर्टिलाइजर) पति- श्री ओम शरन सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 । पति- श्री ओम शरन सिंह (गारंटर), पिता- श्री जगदीश सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 ।	साधना सिंह, पति-ओम शरन सिंह के नाम पर खसरा नं. 644, कुल क्षेत्रफल 2.30 एकड़, ग्राम- महुदा, चाम्पा रोड, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) में स्थित भूमि का सामयिक बंधक । चौहद्दी: उत्तर- रोहन, गिरधारी, समारु की संपत्ति, दक्षिण- ग्राम कुरदा का बाउंड्री, पूर्व- समारु, रामलाल की भूमि, पश्चिम- पक्का सड़क	22.11.2019 / ₹ 37,60,624.00/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा	₹ 68,00,000/- / ₹ 6,80,000/- / ₹ 50000/-	14/12/2020 शाम 4:00 बजे तक	15/12/2020 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411
3.	श्री फ्लाई ऐश ब्रिक्स (अपने प्रोपराइटर साधना सिंह के माध्यम से) पंजीकृत कार्यालय: ग्राम- महुदा, चाम्पा रोड, तहसील-चाम्पा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) शाखा- सिवनी-चाम्पा (छ.ग.)	श्रीमती साधना सिंह (प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता श्री फ्लाई ऐश ब्रिक्स) पति- श्री ओम शरन सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 । पति- श्री ओम शरन सिंह (गारंटर), पिता- श्री जगदीश सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 ।		22.11.2019 / ₹ 26,56,017.77/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा		14/12/2020 शाम 4:00 बजे तक	15/12/2020 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411
4.	मेसर्स सुरभि इंटरप्राईजेस (अपने प्रोपराइटर साधना सिंह के माध्यम से) पंजीकृत कार्यालय: ग्राम- महुदा, चाम्पा रोड, तहसील-चाम्पा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) शाखा- सिवनी-चाम्पा (छ.ग.)	श्रीमती साधना सिंह (प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता सुरभि इंटरप्राईजेस) पति- श्री ओम शरन सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 । पति- श्री ओम शरन सिंह (गारंटर), पिता- श्री जगदीश सिंह, महादेव घाट, कसेर पारा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671 ।		22.11.2019 / ₹ 28,30,745.00/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा				श्री राजेश कुमार मो. 9993081411
5.	मेसर्स साई ग्लास एजेंसी, प्रोप. श्रीमती वीणा गुप्ता पति का नाम- विवेक गुप्ता । पता- सदर रोड शाखा के पास, अंबिकापुर (छ.ग.) -497001 शाखा- पीएनबी (ई-यूबीआई) अंबिकापुर	1. श्रीमती वीणा गुप्ता पति का नाम- विवेक गुप्ता । पता- सदर रोड शाखा के पास, अंबिकापुर (छ.ग.) -497001 2. श्री विवेक गुप्ता (जमानतदार) पिता का नाम- श्री रामचन्द्र गुप्ता । पता- सदर रोड शाखा के पास, अंबिकापुर (छ.ग.)-497001 3. श्री रामचन्द्र गुप्ता (जमानतदार) पिता का नाम- स्व. बैजनाथ गुप्ता । पता- सदर रोड शाखा के पास, अंबिकापुर (छ.ग.) -497001	श्री रामचन्द्र गुप्ता के नाम पर प्लॉट का खसरा नं. 2602/73, क्षेत्रफल- 1800 वर्गफीट, बरेजपारा, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड, वार्ड नं. 39, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा में स्थित भूमि के साथ भूमि का ईएम एवं तृतीय तल व्यावसायिक एवं आवासीय भवन । चौहद्दी: उत्तर- भीमराज अग्रवाल की भूमि, दक्षिण- विक्रेता का भूमि, पूर्व- अग्रवाल जी का मकान, पश्चिम- सड़क ।	01.05.2019 / ₹ 5625330.97/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा	₹ 59,00,000.00 / ₹ 5,90,000.00 / ₹ 50,000/-	14/12/2020 शाम 4:00 बजे तक	15/12/2020 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411
6.	आस्था फ्लाई एश ब्रिक्स प्रोप. संतोष डहरिया,पंजीकृत पता- ग्राम- दौना, पोस्ट- अन्धा, तहसील- पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) पिनकोड- 495224 । शाखा- बिल्हा (छ.ग.)	श्री संतोष डहरिया प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता पिता- दुखीराम डहरिया, ग्राम- दौना, पोस्ट- अन्धा, तहसील- पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) पिनकोड- 495224 ।	भूमि का खसरा नं. 412, प.ह.नं. 29, कुल क्षेत्रफल 31826 वर्गफुट (प्लांट, भवन व मशीनरी सहित) संतोष डहरिया पिता- दुखीराम के नाम पर जो ग्राम- दौना, पोस्ट- अन्धा, तहसील- पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित है । अचल संपत्ति का सीमा विवरण: उत्तर की ओर- तालाब, दक्षिण की ओर- मोहन लाल की भूमि, पूर्व की ओर- दौना सरगांव रोड, पश्चिम की ओर- सियाराम की भूमि ।	06.04.2019 / ₹ 23,55,610.50/- + अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चें / सांकेतिक कब्जा	₹ 31,00,000/- / ₹ 3,10,000/- / ₹ 25000/-	14/12/2020 शाम 4:00 बजे तक	15/12/2020 सुबह 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक	श्री राजेश कुमार मो. 9993081411

महत्वपूर्ण नोट : बोलीकर्ता को पहले से औपचारिकताओं को अच्छी तरह से पूरा करना है- कदम 1: बोलीकर्ता/क्रेता पंजीकरण : बोलीकर्ता को ई-नीलामी पोर्टल (लिंक ऊपर दिया गया है) https://www.mstcecommerce.com /https://ibapi.in. पर मोबाईल संख्या और ईमेल आईडी का प्रयोग कर पंजीबद्ध कराना है । कदम 2: केवाईसी सत्यापन : बोलीकर्ता को आवश्यक केवाईसी दस्तावेजों को अपलोड करना है । केवाईसी दस्तावेज ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए (2 कार्य दिवस लग सकते हैं)। कदम 3 : ईएमडी राशि को उनके ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरण: ई-नीलामी पोर्टल पर एनईएफटी/स्थानांतरण का प्रयोग करके फंड का ऑनलाइन/ऑफलाइन, चालान का उपयोग करके हस्तांतरण । ई-नीलामी की तारीख से पहले, कदम 1 से कदम 3 को बोलीदाता द्वारा अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए ।

नियम और शर्तें: (1) इस मामले में और स्पष्टीकरण के लिए सहायता डेस्क श्री राजेश कुमार (संपर्क -9993081411) और ईमेल आईडी cobilaspur@pnb.co.in पर संपर्क कर सकते हैं। (2) इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-नीलामी में भाग लेने के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड पंजाब नैशनल बैंक से प्राप्त करें। उन्हीं बोलीकर्ताओं को पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, बिलासपुर द्वारा यूजर आईडी एवं पासवर्ड दिए जाएंगे जिन्होंने दस्तावेज पत्र और ईएमडी, नोडल अधिकारी, मंडल कार्यालय, बिलासपुर को प्रस्तुत किया है। (3) इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण को नोडल अधिकारी, मंडल कार्यालय, बिलासपुर या ऑक्शन वेबसाइट से प्राप्त करें। (4) स्वत्व विलेख का निरीक्षण कार्यालयीन समय के दौरान संबंधित शाखा में एवं संबंधित उपपंजीयक कार्यालय में किया जा सकता है। (5) नीलामी "जैसा है जहाँ है" एवं "जो है जैसा है" के आधार पर सरफेसी अधिनियम 2002 की नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोजित की जाएगी (6) बोली लगाने वालों को यह सलाह दी जाती है कि नीलामी की तारीख से पहले संपत्ति के बारे में पूछताछ एवं सत्यापन कर लें, बाद में किये गए किसी भी प्रकार के दावे को बैंक मान्य नहीं करेगा। यदि संपत्ति में यदि कोई उधारकर्ता / किरायेदार हो तो सफल बोलीकर्ता को स्वयं उसे बेदखल करना होगा और इस संबंध में बैंक कदाई जिम्मेदार नहीं होगा। (7) आरक्षित मूल्य राशियों से कम की बोली राशियों पर विचार नहीं किया जाएगा। (8) प्राधिकृत अधिकारी की सूचना के लिए, उपरोक्त संपत्ति पर कोई रुकावट नहीं है, वैध अधिकार नहीं है यह बोली लगाने वालों की नीलामी में भाग लेने से पहले ही संपत्ति सत्यापन करने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी, और इस संबंध में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा । (9) इच्छुक बोलीदाताओं को बोली दस्तावेजों के साथ ईएमडी के रूप में आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत् जमा करना होगा। उक्त राशि 14.12.2020 को सायं 04.00 बजे से पहले नकद आदेश / डिमांड ड्राफ्ट, NEFT/RTGS नोडल अधिकारी के माध्यम से खाता क्रमांक 0058 0021 0004 6604 पीएनबी अर्नास्ट मनी, आईएफएससी कोड- PUNB0005800, शाखा- बिलासपुर सदर बाजार में नोडल अधिकारी, बिलासपुर के नाम से जमा कर सकते हैं। समय सीमा के बाहर प्रस्तुत किये गए आवेदनों को मान्य नहीं किया जाएगा (10) बोली लिफाफे को बोली के लिए संपत्ति के ब्योरे, बोली लगाने वाले के नाम, पूर्ण पता, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं बायो- डेटा प्रतिलिपि, बोलीदाता के ईमेल आईडी, मोबाइल नं. एवं एक नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ भेजें । ई-नीलामी के संबंध में सभी संचार एवं सूचना केवल ईमेल आईडी पर ही भेजी जाएगी इसीलिए एक कार्यशील ईमेल आईडी अनिवार्य है। (11) प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण बताए किसी भी प्रस्तावों को अस्वीकार करने, या ऑक्शन रद्द करने का पूर्ण अधिकार है । (12) सफल बोली लगाने वालों को दिनांक 16.12.2020 सायं 04.00 बजे तक बिलासपुर में खाता संख्या 0058 0021 0004 6604 पीएनबी अर्नास्ट मनी आईएफएससी कोड- PUNB0005800, बीओ: बिलासपुर सदर बाजार के नाम से नकदी / वेतन आदेश/ डिमांड ड्राफ्ट / NEFT/RTGS बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत् (पहले से जमा हुई ईएमडी राशि सहित) जमा करनी होगी । शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तारिख (15.12.2020) से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। (13) असफल बोलीदाताओं को ई- नीलामी की तारीख के 10 दिनों के भीतर अपने ईएमडी का दावा प्रेषित करना होगा। (14) बोली लगाने के अधिकार गैर-हस्तांतरणीय होंगे (15) नीलामी की रद्द होने की स्थिति में ब्याज, लागत और शुल्कों के साथ बैंक में जमा की गई पूर्ण बकाया राशि उधारकर्ता / गारंटर को वापस लौटाई जायेगी एवं इच्छुक बोलीदाताओं को तदनुसार सूचित किया जाएगा। (16) नीलामी को कानूनों और नियमों के तहत आयोजित किया जाएगा जो कि सरफेसी अधिनियम में शामिल है और वही इच्छुक बोलीदाता पर भी बाध्य होगा। (17) ऑक्शन वेबसाइट से उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने वाले इच्छुक बोलीदाता नीलामी में कहीं से भी भाग ले सकते हैं। इच्छुक इच्छुकों को सलाह दी जाती है कि वे भाग लेने के लिए पूर्ण व्यवस्था और बैकअप के साथ भाग लें किसी भी प्रकार की विद्युत विफलता, इन्टरनेट विफलता आदि के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। (18) संपत्ति की नीलामी का स्थान एवं समय "दैनिक नव प्रदेश" बिलासपुर संस्करण और "टाईम्स ऑफ इंडिया" रायपुर संस्करण में दिनांक 12.11.2020 को प्रकाशित बिक्री नोटिस अनुसार होगा ।

उधारकर्ताओं/ गारंटीकर्ताओं को सूचना दी जाती है कि ई-नीलामी की तिथि से पहले उपरोक्त राशि का भुगतान ब्याज सहित करें, यदि कोई शेष राशि या बकाया राशि रह गई हो तो वो वह राशि ब्याज/लागत/शुल्क के साथ वसूल किया जाएगा। सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (5 ए) के तहत बैंक योग्य मामलों के लिए बोली लगाने के लिए नि: शुल्क होगा। बिक्री पर रखी संपत्ति बैंक के पास प्रतीकात्मक/भौतिक अधिकार के अधीन है।

वैधानिक सूचना: ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को सूचित किया जाता है कि यह नियम 8(6) के अन्तर्गत 30 दिनों की बिक्री सूचना भी है । ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों का भुगतान ई-नीलामी के पूर्व कर दें । बिक्री के पश्चात अन्य कोई शेष राशि की वसूली का अधिकार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है ।

किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण टाईम्स ऑफ इंडिया रायपुर दिनांक 12.11.2020 में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा

दिनांक : 11.11.2020 स्थान: बिलासपुर प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

पुलिस महानिदेशक की महत्वाकांक्षी योजना 'समर्पण' से ली प्रेरणा

वरिष्ठ नागरिकों के लिए गरियाबंद पुलिस ने शुरू किया स्नेह छाया सेल

उद्देश्य- वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों व उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई हो सुनिश्चित

■ पुरानी व नई पीढ़ी के बीच संवाद के अंतर को कम करना भी लक्ष्य

गरियाबंद। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी की महत्वाकांक्षी योजना 'समर्पण' से प्रेरित होकर गरियाबंद पुलिस ने 'स्नेह छाया सेल' का गठन किया है। योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना है। इसके अलावा नई पीढ़ी एवं पुरानी पीढ़ी के बीच पनपे संवाद के अंतर को कम करना है। इस योजना में ग्राम रक्षा समिति एवं कोटवारों को शामिल कर टीमवर्क की भांति कार्य करना है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। बताया कि पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी के महत्वाकांक्षी योजना समर्पण से प्रेरित होकर पुलिस महानिदेशक के दिशा-निर्देशा एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर डॉ.आनंद छाबड़ा के मार्गदर्शन में यह पहल की जा रही है।

ऐसे काम करेगा स्नेह छाया सेल

पटेल ने बताया कि समाज कल्याण एवं ग्रामीणों तथा बीट आरक्षक से लिस्ट लेकर मॉनिटरिंग की जाएगी। मॉनिटरिंग के दौरान वृद्धजनों की समस्या को गांव स्तर पर या गांव स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर वह बीट आरक्षक को बताएगा। बीट आरक्षक अपने थाना प्रभारी को बताएगा। समस्या का समाधान नहीं होने पर वह वरिष्ठ अधिकारी को बतायेगा। समस्या का समाधान हर संभव अपने स्तर पर किया जाएगा, इसके बाद भी समस्या का सामधान नहीं होने पर अन्य विभाग से मदद लेकर समस्या का समाधान किया जायेगा। ताकि वह अपने कठिन दिनों में अच्छा से जीवन यापन कर सके। पटेल ने बताया कि हर थानों में बीट आरक्षक को दो-दो गांव दिए जाएंगे। जो अपने बीट क्षेत्र के गांव में जाकर वृद्धजनों की समस्या को थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करायेंगे। उसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ ही थानों में पुलिसिंग के साथ बेसिक पुलिसिंग एवं बीट सिस्टम को सफल बनाना है।

2020 में गरियाबंद पुलिस को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि

एनडीपीएस एक्ट में कुल 18 प्रकरण दर्ज, 27 आरोपी गिरफ्तार, जिसमें 585.412 किलोग्राम गांजा जिसकी कुल कीमत 56 लाख 25 हजार 460 रुपए, चार नग कार, दो नग पिकअप वाहन, नौ नग मोटर सायकल जप्त किए गए हैं। अवैध शराब के कुल 269 प्रकरण इसमें 302 आरोपी गिरफ्तार, जिनसे दो हजार 196.056 लीटर शराब जिसकी कुल कीमत चार लाख 21 हजार 145 रुपए जिसमें 54 नग मोटर सायकल, चार नग सायकल जप्त किए गए हैं। माइनिंग एक्ट में चार प्रकरण, पांच आरोपी गिरफ्तार, कुल 352 नग हीरानुमा खनिज पत्थर जिसकी कुल कीमत 52 लाख 50 हजार रुपए जिसमें दो नग मोटर सायकल जप्त किए गए हैं। वहीं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में पांच प्रकरण, सात आरोपी गिरफ्तार, इसमें कुल तीन नग तेंदुआ खाल, दो नग जीवित पेंगुलिन जिसमें एक नग मोटर सायकल जप्त किए गए हैं। हत्या के कुल 19 प्रकरण दर्ज 35 आरोपी गिरफ्तार आदि।

थाना पांडुका से होगी योजना की शुरुआत

पटेल ने बताया कि इस कार्य की शुरुआत सर्वप्रथम थाना पाण्डुका से किया जाएगा। योजना का लाभ आमजन के लिए जिस प्रकार पुलिस आदर्श वाक्य परित्राणाय साधुनाम का सम्मान आमजन में बढ़ेगा साथ ही समाज में पुलिस का आचरण और बेहतर छवि और पुलिस के प्रति जनता का विश्वनीयता बढ़ेगा। साथ ही पुलिस से बच्चे, युवा वरिष्ठ नागरिक भी जुड़ेगे। इस मौके पर एडिशन एसपी सुखनन्दन राठौर, संतोष महतो एवं गरियाबंद थाना प्रभारी विकास बघेल मौजूद थे।

समस्त थानों में आगंतुकों के लिए 'छईया' :

दूरस्थ क्षेत्र से आए फरियादियों के लिए जिले के सभी थानों में आरामदायक एवं शीतल पेयजल की सुविधा के साथ 'छईया' बैठक की व्यवस्था की गई है। दूर से आए फरियादी एवं आमजन अपने परिवार और साथियों के साथ विश्राम कर सकते है। देखा गया है कि थाने के अंदर छोटे बच्चे एवं महिला प्रवेश करने के लिए असहज महसूस करते है और थाने के बाहर ही बैठ जाते है। इनकी सुविधा के लिए छईया बैठक की सुविधा दिया गया है। जिससे वह धूप, बरसात, ठंडी से बच सके और थाने में सहज महसूस करे।

■ न्यूज गैलरी

पति पत्नी को छोड़ने जा रहा था ससुराल, रास्ते में पत्नी हुई गायब

महासमुंद। श्रीमती निर्मला लहरे पति कोमल लहरे ग्राम पासिद कोसीर की निवासी 4 नवम्बर 2020 को पति -पत्नी अपने गांव पासिद से बदन बस पर सुबह बैठ कर सारंगढ़ पहुंचे निर्मला अपने मायके सुपा जाना चाह रही थी उसे उसका पति पहुंचाने जा रहा था सारंगढ़ में कपड़े लेने के लिए उतरे और निर्मला का पति कोमल लहरे शौचालय गया शौच करने और जब उधर से आया तो उसकी पत्नी बस स्टैंड में नहीं थी. उसका पति इधर उधर ढूंढा फिर अपने ससुराल फोन किया तब नहीं पहुंची है बताया गया ऐसा निर्मला के पति कोमल लहरे ने सारंगढ़ थाने में 7 नवम्बर को घटना की जानकारी दिया गया है। कोमल लहरे ने बताया कि 2 दिन तक अपने नातेदार रिश्तेदारों में पता किया कोई पता नहीं चल रहा है उसका फोन नम्बर भी 4 नवंबर से बंद है। आखिर निर्मला बस स्टैंड से कहाँ गई. निर्मला के पति के सूचना पर सारंगढ़ पुलिस जांच में जुट गई है।

गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने गांजा तस्करी करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक बलौदाबाजार निवासी छन्नूलाल सार्वा (45), नरेन्द्र जांगड़े (40) और मदिर हसौद निवासी कलश राम भोई सोमवार को शोल्ड बाइक से ओड़िशा से गांजा खरीदकर बलौदाबाजार लेकर जा रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तस्करों को रायतुम चौक ग्राम टूरीडीह में पकड़ लिया। जांच के दौरान उनके पास 4 किलो गांजा 2 नग मोबाइल, 4 सौ रुपए नकदी रकम कुल 1 लाख 47 हजार 900 रुपए को जब्त कर नारकोटिक एक्ट 20 (ख) के तहत कार्रवाई की।

जुआ खेलते चार पकड़ाए

महासमुंद। शहर के नयापारा के जगत पान ठेला के पीछे जुआ खेलते हुए कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा। जानकारी के मुताबिक संतोष साहू (35) समेत चार अन्य जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी और जुआरियों को पकड़ लिया। उनके पास से 1750 रुपए नकदी, 52 पत्ती ताश जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

तालाब में डूबने से मौत

महासमुंद। तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने परिजनों की सूचना मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पिंगरौद निवासी गनपत साहू (40) सुबह नहाने के लिए गांव के तालाब में गया था। इस दौरान अधिक गहराई में चला गया और डूबने से उनकी मौत हो गई।

गांव के 8 पंचों ने की सरपंच सचिव के खिलाफ मंत्रालय में शिकायत

पंचायत की राशि को दुरुपयोग करने का आरोप, सचिव को हटाये जाने की मांग

महासमुंद। सरायपाली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बालसी के 8 पंचों ने सरपंच और सचिव के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली, कलेक्टर महासमुंद और मंत्रालय से शिकायत करते हुए गाँव में हुए भ्रष्टाचार की जाँच अथवा सरपंच को पद से हटाये जाने की मांग की है। पंच डिग्रीलाल राते पंच वार्ड क्रमांक 12, तुलसी राते पंच वार्ड क्रमांक 13, लिलाधर राते पंच वार्ड क्रमांक 01, गोकुल राते पंच वार्ड क्रमांक 9, लक्ष्मीबाई राते पंच वार्ड क्रमांक 10, समयबाई राते पंच वार्ड क्रमांक 11, पार्वती जगत पंच वार्ड क्रमांक 14, सौदामिनी नायक पंच वार्ड क्रमांक 4. ने अपनी शिकायत में बताया है कि शासकीय पंचायत मत की राशि को जनहित के कार्यों के नाम पर आहरण कर उसका दुरुपयोग किया गया है।शिकायत के अनुसार निस्तारी पेयजल व्यस्था के नाम से चौदवें वित्त से अलग-अलग तीन जगह 3,27,000 रूपये का बोरखनन करना बताया गया है. तथा खनित बोर में 4 मोटर पंप लगाये जाने के नाम से 1,96,520 रूपये का व्यय बताया गया है जबकि बालसी पंचायत में केवल एक मोटर पम्प लगा है. जबकि तीन मोटर पम्प की राशि व्यय बता कर सरपंच सचिव द्वारा पेयजल व्यवस्था के आड़ में दुरुपयोग किया गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत बालसी में सी.सी. रोड निर्माण हेतु विधायक मद से पाँच लाख रूपये स्वीकृत हुआ जिसे सरपंच, सचिव द्वारा आहरित कर लिया गया और इस राशि से सी.सी. रोड़ निर्माण न कर चौदहवें वित्त मद कि राशि से सी.सी. रोड़ निर्माण कराया गया है. और सरपंच, सचिव द्वारा जनता के आँख में धूल झोंक कर पाँच लाख रूपये का गबन कर लिया गया।शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत बालसी में मार्ग सुविधा के उद्देश्य से सरपंच सचिव द्वारा 150 मीटर लंबाई मार्ग स्थल का मुरमिकरण सरपंच सचिव द्वारा करवाया गया है. इस पर 14वें वित्त मद से 2,22,000 का व्यय बताया गया है. जबकि इतनी मोटी रकम का व्यय अपारदर्शिता तथा राशि का दुरुपयोग को दर्शाता है। इसके आलावा ग्राम पंचायत बालसी में सरपंच, सचिव द्वारा चौदहवें वित्त मद की राशि से 1,87,000 रूपये का छड़ सिमेंट के लिए आहरण करना बताया गया है, जबकि छड़ सीमेंट का पंचायत के किसी काम में उपयोग नहीं हुआ है. और ना ही सीमेंट पंचायत में स्टॉक में है। शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत बालसी के उक्त सरपंच सचिव भूलभूत मद राशि से 83,000 रूपये जिसमें 35,000 रूपये का बोरिंग रिपेरिंग 42,000 रुपये एवं 6000 रूपये स्कूल रिपेयरिंग के लिए दर्शीत किया गया है. जबकि इस मद की आहारित राशि से कोई भी संबंधित कार्य नहीं हुआ है राशि का गबन कर लिया गया है।

लालबहादुर नगर को तहसील का दर्जा नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

डोंगरगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा मंगलवार को विधिवत सुची जारी कर प्रदेश में 23 नई तहसील बनाने की घोषणा की गई वही दुसरी ओर डोंगरगाव विधानसभा क्षेत्र के सबसे बडे ग्राम लालबहादुर नगर को तहसील का दर्जा नही मिलने से ग्रामीणो में सरकार के विरूद्ध खुलकर नाराजगी देखने को मिल रही है यहा के ग्रामीणो ने ग्राम को तहसील बनाने के मांग को लेकर जल्द ही प्रदर्शन करने बात कही है देखा जाए तो यह गांव राजनांदगांव जिला में लगभग 7000 आबादी वाला सबसे बडा गांव है और आदिवासी बाहुल क्षेत्र भी है ऐसे में इस गांव को सरकार द्वारा तहसील का दर्जा मिल जाता है तो आसपास के 40 गांवो के लोगो को सरकार की जनहितैषी योजनाओ का सीधे -सीधे लाभ मिल सकता है । इसी सोच के साथ लाल बहादुर नगर सहीत आसपास के ग्रामीणो ने इससे पहले 2012 में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिह के समक्ष गांव को तहसील बनाने की मांग रखी था इसके बाद प्रदेश मे चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार बनते ही ग्रामीणों ने ग्राम के सरपंच तुलसी हिरा सोनी के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू से मुलाकात की जिसके बाद आश्वासन मिलने पर ग्रामीण सरकार की घोषणा का इंतजार कर रहे थे लेकिन मंगलवार को प्रदेश में 23 नए तहसील की सुची में लाल बहादुर का नाम ना होने से ग्रामीण में साफ्तौर पर मायुषी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणो की मांग पुरी ना होने की स्थिती में आने वाले दिनो में कांग्रेस व भाजपा को दोनो को यहा ग्रामीणो के आक्रोश का सामना भी करना पड सकता है फिलहाल ग्राम लालबहादुर नगर को तहसील बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण बैठक कर जल्द ही प्रर्दशन करने की तैयारी में जुट गए है ।

धान खरीदने नये-पुराने 31 हजार 746 किसानों का पंजीयन पूरा ,इस वर्ष चार हजार 889 नये किसानों ने कराये पंजीयन

■ किसानों का पंजीयन अब 17 नवंबर तक जारी रहेगा, शासन ने सात दिन बढ़ाई अवधि

कोरबा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर किसानों की सुविधाओं को देखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन अवधि एक सप्ताह बढ़ा दिया गया है। अब 17 नवंबर तक किसानों का पंजीयन होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर किसान हित में दूसरी बार पंजीयन अवधि बढ़ाया गया है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित थी जिसे बढ़ाकर 10 नवम्बर किया गया था। अब किसान पंजीयन की तिथि पुनः एक सप्ताह बढ़ाकर 17 नवम्बर किया गया है। कोरबा जिला राज्य में शत प्रतिशत किसान पंजीयन पूरा करने वाले तीन जिलों की सूची में शामिल हो गया है। जिले में पिछले पंजीकृत किसानों में से सभी 26 हजार 857 का रकबा सत्यापन पूर्ण हो चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिये किसानों के पंजीयन की अवधि 17 नवंबर तक बढ़ने के बाद जिले में अभी तक नये-पुराने मिलाकर 31 हजार 746 किसानों का पंजीयन पूरा कर लिया गया है। इन पंजीकृत किसानों का धान फसल का रकबा 46 हजार 598 हेक्टेयर है। जिले में इस वर्ष अभी तक समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिये चार हजार 889 नये किसानों ने सहकारी समितियों में अपना पंजीयन करा लिया है। पिछले वर्ष धान खरीदी के लिये जिले में 27 हजार 694 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से इस वर्ष रकबा सत्यापन के बाद 837 किसानों का पंजीयन निरस्त हुआ है। अभी तक पिछले वर्ष के पंजीयन अनुसार 26 हजार 857 किसानों के धान के रकबे के सत्यापन के बाद 41 हजार 561 हेक्टेयर रकबे की सोसायटी मॉड्यूल में खसरा प्रवृष्टि किया गया है।

दीपावली पर रियल स्टेट में आया उछाल

कोरबा। कोरोना काल में लॉकडाउन से रियल एस्टेट कारोबार में छाई मंदी अब दीपावली की रोशनी के साथ धीरे-धीरे छंटने लगी है। रियल एस्टेट का बाजार अपने छोटे-बड़े इंवेस्टर्स के साथ एक बार फिर तैयार हो रहा है। दीपावली व धनतेरस पर बड़ी संख्या में लोग नए घरों में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं। वहीं, बुकिंग की संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके महीनो बाद जमीन दलालो के मायूस चेहरों पर मुस्कान लौटती दिख रही है। रियल स्टेट कारोबार में धीरे धीरे संकट के बदल छंटते नजर आ रहे है। लम्बे आरसे के बाद अब इ बार फिर जमीन खरीद फरोख्त के कारोबार में तेजी नज़र आ रहा है। यही वजह है की राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य शासन ने पंजीयन कार्यालय में जारी समय सीमा नियम को शिथिल कर दिया है। बड़े लीज की जमीन होने और गवाहों की संख्या अधिक होने से कई बार दिन भर में पांच से भी कम दस्तावेजे पंजीयन हो पाते थे। अब जितने भी दस्तावेजों के लिए आवेदन लिए जाएंगे उन्हे उसी दिन पूरा करना होगा। समय की सीमा की पाबंदी हटाए जाने से इन दिनो कार्यालय में देर शाम तक पंजीयन कराने वालों की कतार देखी जा रही है।

समय सीमा में शिथिलता

पंजीयन कार्यालय में जारी समय सीमा नियम को जिला प्रशासन ने शिथिल कर दिया है। बड़े लीज की जमीन होने और गवाहों की संख्या अधिक होने से कई बार दिन भर में पांच से भी कम दस्तावेजे पंजीयन हो पाते थे। अब जितने भी दस्तावेजों के लिए आवेदन लिए जाएंगे उन्हे उसी दिन पूरा करना होगा। समय की सीमा की पाबंदी हटाए जाने से इन दिनो कार्यालय में देर शाम तक पंजीयन कराने वालों की कतार देखी जा रही है।

ढाई माह तक बंद रहा कार्यालय

कोरोना काल में रजिस्ट्रार कार्यालय ढाई माह तक बंद रहा। इससे भी कारोबार में कमी आई है। लाकडाउन में ढील दिए जाने के बाद सरकारी दफ्तर तो खुलते रहे लेकिन पंजीयन कार्यालय खोलने में प्रतिबंध जारी रहा।

हॉटल इष्टपार्क के विशाल मेगामार्ट में ग्राहकों के लिए नहीं है पार्किंग की सुविधा

■ सड़क के किनारे पार्किंग वाहनों को उठा ले जा रही यातायात पुलिस , खरीदारी के बाद लग रहा झटका

बिलासपुर। हॉटल इष्टपार्क में संचालित विशाला मेगामार्ट में खरीदारी करने आये हुए ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा नही । सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर यातायात पुलिस समानों की खरीदारी से अधिक चालान काट रही है ।

दीपावली त्यौहार नज़दीक ही रह गया है ऐसे में शहर के सुपर मार्केट , मॉल , कपड़े की दुकान और इलेक्टॉनिक समानों के शो रूम संचालक त्यौहार के उपलक्ष में सस्ते दर और डिस्काउंट ऑफ्फर सहित समानों की विक्री के लिए ग्राहकों को लुभा रहे हैं । जिसका असर भी इन दिनों देखने को मिल रहा है । भारी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं । वहीं शोरूम संचालक आने वाले ग्राहकों के वाहन खड़े करने पार्किंग की कोई सुविधा तक नही दे रहे हैं । समानों की खरीदारी करने वाले ग्राहक वाहनों को सड़क के किनारे पार्क करने मजबूर है । लौटकर आते हैं तब पता चलता है उनकी गाड़ी नोपार्किंग में खड़े होने की वजह से यातायात पुलिस उठाकर ले गई है । जिन्हें दो हजार से अधिक भरने चालान की अदायगी करनी पड़ रही है ।

कुछ ऐसे ही नज़ारा प्रति दिन आग्रेसन चौक के पास स्थिति तीन सितारा हॉटल इष्टपार्क के बाहर देखने को मिल रहा है । हॉटल में संचालित मिनी मॉल विशाल मेगामार्ट में खरीदारी करने आये हुए ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नही नही । हॉटल में बने पार्किंग में वाहन खड़े करने की अनुमति केवल कर्मचारियों को है । ग्राहक सड़क किनारे दुपहिया-चार पहिया वाहन पार्क करने मजबूर हैं । किंतु ग्राहकों के समक्ष समस्या तब उतपन्न होती है जब वे खरीदारी कर विशाल मेगामार्ट से बाहर निकलते है तब उनकी गाड़िया गायब रहती है। पूछताछ में पता चलता है नो पार्किंग में वाहन खड़े होने की वजह से यातायात पुलिस उठाकर ले गई है। जहां डिस्काउंट के लालच में विशाल मेगामार्ट दुपहिया वाहन में पहुंचे वाले ग्राहकों को दो से ढाई हजार और चार पहिये वाहन वालों को 4 से 5 हजार जुर्माना अदा करना पड़ रहा है ।

कंटेनर के चपेट में आकर 2 युवकों की दर्दनाक मौत

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में कंटेनर वाहन के चपेट में आकर 2 युवकों की मौत होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर वाहन के कुचले जाने से दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी. घटना महासमुंद नवागांव पटेवा के पास का है जब 2 बाइक सवार युवकों को कंटेनर ट्रक ने कुचल दिया। टीआई मल्लिका तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक आरंग और पलारी क्षेत्र से है. बताया जा रहा है कि 4 लेन में 1 साइड कार्य चालू है, इसलिए 4 लेन में 1 तरफ से आना जाना हो रहा है ऐसे में दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है।

कुलभूषण ज्वेलर्स में दिवाली जीरो धमाका

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में इस दिवाली कुलभूषण ज्वेलर्स की ओर से ग्राहकों को बड़ा ऑफर पेश किया जा रहा है। इसके मुताबिक नए आभूषणों की बनवाई सिर्फ 0 रुपया से 249 रुपए तक रखी गई है। वहीं पुराना सोना बदलवाने पर भी 0 रुपया कटौती का ऑफर 17 नवंबर तक दिया जा रहा है। इस 'दिवाली जीरो धमाका' ऑफर की जानकारी कुलभूषण ज्वेलर्स के संचालक अनिल तिवारी ने दी है। उल्लेखनीय है कि कुलभूषण ज्वेलर्स में नई डिजायनों के आभूषणों का बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध है। जो धनतेरस व दिवाली के मौके पर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतिष्ठान की ओर से मंथली कैश डिपॉजिट योजना भी लॉन्च की गई है। तिवारी ने कहा कि सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। हम इसको लेकर चिंतित हैं। इसलिए, हमारे अभियान से जुड़कर सोने में निवेश में योजना बनाएं। जैसे- बेटियों के लिए हमारे संस्थान द्वारा सुकन्या बचत योजना का सेविंग प्लान प्रारंभ किया गया है।